

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हम बार बार डॉक्टर के पास न जाएं ऐसे में एक शादी का खास वीडियो प्रेरित कर सकता है, जिसमें दूल्हा और दुल्हन शादी के मंडप में पुशअप लगा रहे हैं।


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...



हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in



● वर्ष- 15 अंक 206- ● जबलपुर ● शनिवार, 28 अगस्त, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद कृष्ण पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


# बदला काबुल हमले का प्लानर ढेर, और हमलों की आशंका

**काबुल।** अमेरिका ने काबुल एयरपोर्ट हमले का बदला लेना शुरू कर दिया है। पेंटागन से मिली जानकारी के मुताबिकर, अमेरिकी सेना ने इस्लामिक स्टेट-(ISIS-K) को निशाना बनाते हुए अफगानिस्तान में एयर स्ट्राइक की है। ड्रोन से की गई बमबारी में कई आतंकियों के मारे जाने की सूचना है। हालांकि अमेरिकी सेना द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आधिकारिक जानकारी दी जाएगी। बता दें, गुरुवार रात काबुल एयरपोर्ट के बाहर हुए आत्मघाती हमलों में 100 से अधिक लोग मारे गए थे। इनमें 13 अमेरिकी सैनिक भी शामिल थे। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा था कि वे इस हमले के जिम्मेदार लोगों का पता लगाएंगे और उन्हें इसकी कीमत चुकाना होगी। हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट के खोरासन ग्रुप ने ली थी, जिसे अभी सबसे ज्यादा खूंखार माना जाता है।

## काबुल हमले के मास्टरमाइंड को मार गिराने का दावा

अमेरिकी सेना के हवाले से जारी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस हमले में काबुल हमले का मास्टरमांड मार गिराया गया है। ये हमले नंगरहाल प्रांत में किए गए। ये इलाका इस्लामिक स्टेट का गढ़ माना जाता है। यही अमेरिका ने 2017 में मदर ऑफ ऑल बम का प्रयोग किया था और तब आईएस के बड़े कमांडर हाफिज सईद खान को मार गिराने का दावा किया था। इस बीच, एक अन्य घटनाक्रम के तहत अमेरिकी सेना ने काबुल एयरपोर्ट के बाहर जुटे लोगों को जगह खाली करने को कहा है। अमेरिका को आशंका है कि यहां अभी और हमले हो सकते हैं। अमेरिकी सेना की ताजा कार्रवाई के बाद आतंकी बदले की कार्रवाई के लिए भी हमले कर सकते हैं।




## मसूद ने की तालिबानी नेताओं के साथ मीटिंग, कश्मीर पर मांगी मदद



अफगानिस्ता पर ताबिलान के कब्जे के बाद से आशंका जताई जा रही है कि क्या अब कश्मीर में आतंकवाद बढ़ जाएगा। ताजा रिपोर्ट तो इसी ओर इशारा कर रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जैश प्रमुख मसूद अजहर ने तालिबानी नेताओं के साथ बैठक की है और कश्मीर के लिए मदद मांगी है। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद खुशी जाहिर की थी और कहा था कि इसी तरह वे कश्मीर में हासिल करेंगे। बता दें, आर्टिकल 370 हटने के बाद कश्मीर घाटी में आतंकी संगठनों की कमर टूट गई है। कई बड़े दहशतगर्द मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, जैश प्रमुख मसूद अजहर अगस्त के तीसरे हफ्ते में कंधार गया था और वहां तालिबान के नेताओं से मिला था। मीटिंग का मकसद कश्मीर में तालिबानी आतंकियों की मदद लेना है। मसूद अजहर ने मुल्ला अब्दुल गनी बरादर सहित तालिबान नेताओं से मुलाकात की है। बता दें, मसूद अजहर आतंकियों का वही आका है जिसे इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट आईसी 814 में यात्रियों की सुरक्षा के बदले जेल से रिहा किया गया था। इस विमान को आतंकवादियों ने हाईजैक कर लिया था। फ्लाइट काठमांडू से लखनऊ आ रही थी।

## क्विक अपडेट



### सपा में शामिल हुए मुख्तार अंसारी के भाई सिब्कातुल्लाह

**लखनऊ।** पूर्वांचल की सियासत में खासा दखल रखने वाले बसपा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिब्कातुल्लाह अंसारी शनिवार को समर्थकों के साथ सपा में शामिल हो गए। उनके साथ अंबिका चौधरी ने भी सपा की सदस्यता ले ली। सिब्कातुल्लाह अंसारी गाजीपुर के मोहम्मदाबाद विधानसभा सभा क्षेत्र से 2007 में सपा और 2012 में कौमी एकता दल से विधायक रहे। 2017 में बसपा से मैदान में उतरे, लेकिन पराजय का सामना करना पड़ा। पंचायत चुनाव के दौरान ही अंसारी बंधुओं के हाथी से उतर कर साइकिल पर सवार होने की रणनीति तैयार की गई। इसके लिए कई दौर की बातचीत की गई।

### राष्ट्रपति कोविंद ने रखी पहले आयुष विश्वविद्यालय की नींव

**गोरखपुर।** चार साल के भीतर दूसरी बार गोरखपुर आए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को भटहट के पिपरी में स्थित प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। राष्ट्रपति सुबह सेना के वायुयान से गोरखपुर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से भटहट के पिपरी पहुंचे। शिलान्यास समारोह में देश की प्रथम महिला सविता कोविंद, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ मौजूद रहे।

### यूपी की राजधानी में प्रॉपर्टी डीलर का दिनदहाड़े अपहरण

**लखनऊ।** गोमतीनगर विस्तार की सदर तहसील के पास स्थित पावर हाउस से शुक्रवार को एसयूवी सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े असलहों के बल पर प्रॉपर्टी डीलर को अगवा कर लिया। इसके बाद उसकी पत्नी को कॉल कर पांच लाख रुपये की फिरौती मांगी। महिला ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद विभूतिखंड इलाके के मंडी परिषद कार्यालय के पास से तीन अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर पीड़ित को छुड़वाया। वहीं, एक आरोपी फरार हो गया।



## खंडवा में सीएम ने किया 19 करोड़ के भवन का लोकार्पण

**खंडवा।** खंडवा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 12.33 बजे हेलीपैड पर उतरे यहां भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद वह सीधे हरसूद रोड स्थित रविंद्र भवन के लोकार्पण के लिए पहुंचे। भवन के लोकार्पण के बाद उन्होंने पौधारोपण किया इसके बाद इसी भवन में मुख्य आयोजन के अंतर्गत उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना हितग्राहियों को 627 करोड़ रुपये की राशि का आनलाइन वितरण किया। इस दौरान उन्होंने आवास योजना के चार हितग्राहियों को आवास की चाबी भेंट की।

### भोपाल के मिसरोद का मामला, आर्थिक संकट से जूझ रहा था परिवार

## दो बच्चों का गला काट दंपती ने खाया जहर, पिता और बेटे की मौत

**भोपाल।** राजधानी के मिसरोद थाना स्थित सहारा स्टेट में आर्थिक तंगी के चलते एक व्यक्ति ने अपने दो बच्चों का टाइल्स काटने वाले कटर से गला काट दिया। इसके बाद पति-पत्नी ने जहर पी लिया। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुई इस घटना में पिता-पुत्र की मौत हो गई है। मां-बेटी को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरणासन्न बयान में महिला ने आर्थिक तंगी के कारण इस तरह का कदम उठाने की बात कही है। मिसरोद थाना प्रभारी रवि पुत्र लक्ष्मणराव ठाकरे (55), 102, मल्टी सहारा एस्टेट में परिवार के साथ रहते थे। रवि सिविल इंजीनियर था और एक निजी फर्म में काम करता था। रवि, पत्नी रंजना ठाकरे (50) पुत्र चिराग ठाकरे (16) और बेटी गुंजन ठाकरे (14) के साथ रहता था। शनिवार सुबह पड़ोसियों ने रवि के घर का हृदय विदारक दृश्य देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। चेक करने पर पाया कि रवि ठाकरे और उसके बेटे चिराग की मौत हो चुकी थी। पत्नी रंजना और बेटी गुंजन की हालत गंभीर बनी हुई थी। मां-बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से टाइल्स काटने वाला खून से सना कटर और कीटनाशक की शीशी बरामद की है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी साईंकृष्ण थोटा, एएसपी राजेशसिंह भदौरिया, एसडीओपी अमित मिश्रा मौके पर पहुंच गए थे। प्रारंभिक जांच में पता चला कि नौकरी छूट जाने के बाद परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। संभवतः इसी वजह से परिवार के मुखिया रवि ठाकरे ने इस तरह का आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## पंजाब कांग्रेस में घमासानः राहुल गांधी से मिलने पहुंचे हरीश रावत



**चंडीगढ़।** नवजोत सिंह सिद्धू के सलाहकार के इस्तीफे के बाद पंजाब कांग्रेस के अंदर का विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। एक दिन पहले सिद्धू ने पार्टी के आलाकमान को फैसले लेने की छूट न देने पर ईंट से ईंट बजा देने की चेतावनी दी थी। इसके अलगे ही दिन पंजाब प्रभारी हरीश रावत राहुल गांधी से मिलने उनके घर पहुंच चुके हैं। राहुल गांधी से मिलने से पूर्व उन्होंने मीडिया को दिए बयान में कहा कि हर किसी को पता है कि उन्हें क्या करना है। सभी का अपना तरीका होता है। इसे बगावत कहना ठीक नहीं है। माना जा रहा है कि हरीश रावत की मुलाकात सोनिया से भी हो सकती है।

## 'BH' नामक एक नया व्हीकल रजिस्ट्रेशन मार्क




**नई दिल्ली।** यदि आप कोई ऐसी नौकरी करते हैं जिसमें आपका देश के अलग-अलग हिस्सों में ट्रांसफर हो सकता है। या फिर आप कोई ऐसा काम करते हैं जिसमें आप बार-बार देश भर में अपना ठिकाना बदलते हैं। रजिस्ट्रेशन को ट्रांसफर करने की प्रक्रिया से गुजरने की परेशानी से बचना चाहते हैं, तो आपके लिए कुछ अच्छी खबर है। केंद्र ने सभी वाहनों में भारत सीरीज या 'BH' नामक एक नया व्हीकल रजिस्ट्रेशन मार्क (वाहन पंजीकरण चिह्न) पेश किया है।

## गुजरात के डिप्टी सीएम नितिन बोले-जब तक 'हिंदू बहुसंख्यक हैं, तभी तक देश में कानून का राज'

### बीजेपी नेता के बोल पर मचा बवाल, अल्पसंख्यकों को भी कहा देशभक्त

**गांधीनगर।** गुजरात के उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल का एक बयान इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा है और हो सकता है कि इस पर सियासत भी शुरू हो जाए। दरअसल गुजरात के डिप्टी सीएम नितिन पटेल ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में कहा कि देश में संविधान, धर्मनिरपेक्षता और कानून का शासन तभी तक चलेगा, जब तक देश में हिंदू बहुसंख्यक है। नीतिन पटेल ने कहा कि यदि हिंदू देश में अल्पसंख्यक हो गया तो कुछ भी नहीं बचेगा। उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने यह बात गांधीनगर में भारत माता मंदिर में एक कार्यक्रम के दौरान कही। गौरतलब है कि गुजरात के इस मंदिर को देश का पहला भारत माता का मंदिर माना जाता है। डिप्टी सीएम ने कहा, मेरे बात का वीडियो रिकॉर्ड कर लें भारत माता मंदिर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव पर नितिन पटेल ने कहा कि देश में कुछ लोग संविधान, धर्मनिरपेक्षता के बारे में बात करते हैं, आप मेरी बात का वीडियो रिकॉर्ड कर लें, मेरे शब्दों को नोट कर लें, जब तक देश में हिंदू बहुसंख्यक है, तभी तक संविधान व कानून का शासन रहेगा,जिस दिन हिंदुओं की संख्या घटे लगी, तभी से देश में ना धर्मनिरपेक्षता, ना लोकसभा, ना संविधान बचेगा। सब कुछ दफन कर दिया जाएगा। नितिन पटेल ने ये भी कहा, देश में लाखों मुसलमान देशभक्त है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए यह भी कहा कि मैं सभी के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। मैं यहां साफ कर देना चाहता हूं कि देश में लाखों मुसलमान देशभक्त हैं, लाखों ईसाई देशभक्त है। गुजरात पुलिस बल में हजारों मुसलमान हैं, ये सभी देशभक्त हैं। इस कार्यक्रम में गुजरात के गृहमंत्री प्रदीप सिंह जडेजा सहित के कई शीर्ष नेता मौजूद थे।





## जनधन योजना से हुआ सशक्तीकरणः नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली** जन धन योजना को आज 7 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी। अपने ट्वीट में पीएम ने कहा कि इस पहल ने भारत के विकास की दिशा को बदल दिया। मोदी ने कहा, इस योजना ने आर्थिक समावेश के साथ अनगिनत भारतीयों को सम्मान का जीवन दिया और उनका सशक्तीकरण किया है। बता दें कि जन धन योजना का एलान प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2014 को लाल किले किया था।

## 20 साल बाद पाकिस्तान की जेल से रिहा होगा सागर का प्रहलाद



**सागर।** पाकिस्तान की जेल में करीब 20 साल से छूटने की आस लगाए सागर के एक ग्रामीण की अब रिहाई हो रही है। पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह की पहल पर गौरझामर के घोसी पट्टी गांव निवासी प्रह्लाद सिंह को अपने वतन लाया जाएगा। लंबे समय से अपने बेटे का इंतजार कर रहे स्वजनों की आंखों में खुशी के आसू हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए पत्र में बीएसएफ को भी सूचित कर दिया गया है। पाकिस्तान में भारतीय दूतावास से सूचना है कि बाघा अटारी बॉर्डर से 30 अगस्त को प्रह्लाद को भारत भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक सागर जिले के घोषी पट्टी गांव का निवासी प्रह्लाद पिता कुंदीलाल सिंह राजपूत वर्ष 1998 में घर से लापता हो गया था। परिवार वालों ने तलाश किया, लेकिन कहीं नहीं मिला। प्रह्लाद मानसिक रूप से कमजोर था। इसी बीच वर्ष 2014 में परिवार वालों को जानकारी मिली कि प्रह्लाद पाकिस्तान पहुंच गया है और पाकिस्तान की जेल में बंद है। मामले को लेकर परिवार वाले सागर एसपी से मिले और मामले की जानकारी दी। एसपी के संज्ञान में मामला आया तो उन्होंने विदेश मंत्रालय से बात की। वेरिफिकेशन होने के बाद प्रह्लाद के जेल से रिहा होने की प्रक्रिया शुरू हुई।

(देखें पेज 5 भी)

## एमसीसी ने काउंसलिंग प्रक्रिया पर लगाई रोक

**चेन्नई।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने EWS आरक्षण पर मद्रास उच्च न्यायालय के 25 अगस्त, 2021 के फैसले के संबंध में सुप्रीम कोर्ट से स्पष्टीकरण मांगने के लिए NEET MDS यानी मास्टर्स ऑफ डेंटल सर्जरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2021 की काउंसलिंग के लिए को अस्थायी रूप से रोक दिया है।

## 30 सितंबर तक लागू रहेंगे कोरोना रोकथाम के उपाय

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। इसमें सबसे ज्यादा भयावह स्थिति केरल में बनी हुई है। बीते तीन दिन से लगातार नए कोरोना संक्रमण के मामले 40 हजार से ज्यादा निकल रहे हैं। केरल में बढ़ते कोरोना संक्रमण के कारण देश में भी संक्रमण के मामले बढ़े हुए दिखाई दे रहे हैं। केरल में लगातार हालात बिगड़ रहे हैं और ऐसे में सीमावर्ती राज्यों में खतरा बना हुआ है और तीसरी लहर को लेकर भी चिंता है। बीते 24 घंटे में पूरे देश में 44 हजार से ज्यादा कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए हैं। शनिवार को रिपोर्ट हुए मामलों की संख्या 46 हजार से ऊपर दर्ज की गई। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस के 46,759 नए मामले सामने आए हैं और 31,374 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। देश में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के लिए केरल को इसलिए जिम्मेदार माना जा रहा है क्योंकि देश में बीते 24 घंटे में 46759 नए केस मिले हैं, वहीं अकेले केरल में ही 32801 मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटे में केरल में 18,573 लोगों की रिकवरी हुई है, वहीं पॉजिटिविटी रेट 19.22 फीसदी के करीब है। फिलहाल केरल में 1,95,254 सक्रिय केस हैं और अभी तक राज्य में 20,313 लोगों की मौत हो चुकी है।



### अभी तक 3 करोड़ 26 लाख लोग संक्रमित

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि भारत में अभी तक कोरोना संक्रमण से 3 करोड़ 26 लाख 49 हजार 947 लोग प्रभावित हो चुके हैं, वहीं 3 करोड़ 18 लाख 52 हजार 802 लोग ठीक हुए हैं। अभी देश में 3 लाख 59 हजार 775 सक्रिय केस हैं और कोविड-19 महामारी से अभी तक 4 लाख 37 हजार 370 लोगों की मौत हो चुकी है। वैक्सीन अभियान की बात की जाए तो बीते 24 घंटे में एक करोड़ से अधिक लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया है।

## फेस्टिव सीजन में बढ़ेगी सैलरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2021 से केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई भत्ता देना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि हाल ही में केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ता (DA) को 17 फीसदी से बढ़ाकर 28 फीसदी कर दिया है। लेकिन अब केंद्रीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार की ओर से एक और खुशखबरी मिल सकती है। जल्द की इस बावद घोषणा हो सकती है।






## सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद भावुक हो गई थीं भाविना, तिरंगे से लिपटकर यूं छलक पड़े थे आंसू

**टोक्यो।** आपरेशन के बाद पोलियो से उबरने को बताई गई एक्सरसाइज में की गई ढिलाई ने भाविना को जिंदगी भर के लिए व्हील चेयर पर ला दिया, लेकिन टेबल टेनिस उनकी जिंदगी में आया तो ढिलाई शब्द उनकी जीवन से निकल गया। यह टेबल टेनिस था जिसके लिए वह कॉकरोच और कीड़ों से भरे अहमदाबाद की एक झोपड़पट्टी में भी रहीं। टेबल टेनिस के लिए ही उन्होंने अपने गांव से 30 किलोमीटर दूर का सफर चार ऑटो और बस बदलकर कई वर्षों तक किया, लेकिन भवीना का यह संघर्ष टोक्यो में रंग ले आया। हकीकत यह है कि सेमीफाइनल में पहुंचने के एक घंटे बाद तक यह तय नहीं हो पा रहा था कि भाविना का पदक पक्का हो गया है या नहीं। जब जॉर्डन के कोच ने भाविना के पति निकुल को बताया कि पदक पक्का है तो फिर वह तिरंगें में लिपटकर ऐसी रोईं कि मानों भगवान से मुंह मांगी मुराद पूरी कर दी हो।





## 24 घंटे में एक करोड़ टीके लगने से खुश हुईं डब्ल्यूएचओ की मुख्य वैज्ञानिक

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना महामारी के खिलाफ तेज गति से टीकाकरण अभियान चल रहा है। शुक्रवार को पहली बार देश में एक दिन में एक करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई गईं। वहीं भारत द्वारा इस शानदार लक्ष्य को प्राप्त करने के बाद प्रधानमंत्री से लेकर वैज्ञानिकों तक ने स्वास्थकर्मियों को बधाई दी। इसी क्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने 50 फीसद वयस्क आबादी को कोरोना टीके की पहली खुराक लगाने के लिए देश को बधाई दी। सौम्या स्वामीनाथन ने ट्वीट करते हुए लिखा कि भारत में वयस्क आबादी का 50 फीसदी कवरेज यानी 50 फीसदी वयस्क को कम से कम एक खुराक लगा दी गई है। अब तक देश में 62 करोड़ खुराक दी जा चुकी हैं। वहीं पिछले दिन एक करोड़ खुराक लगाई गईं जो कि ऐतिहासिक है। इसमें शामिल हजारों स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई। सार्वजनिक स्वास्थ्य और व्यक्तिगत निवारक उपायों के साथ टीकाकरण सभी की रक्षा करेगा।



# अंदरूनी इमानदारी से ही अच्छे समाज का निर्माण -तन्खा



**जबलपुर।** अंदरूनी इमानदारी से ही अच्छे समाज का निर्माण होता है यह कहना था सांसद विवेक कृष्ण तंखा का और मौका था आयकर विभाग द्वारा देश की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित अमृत महोत्सव कार्यक्रम का। उपस्थित जनों कोसंबोधित करते हुएराज्यसभा सांसद श्री तन्खा ने संबोधित करते हुए आयकर के सरलीकरण की बात कही।कार्यक्रम में संयुक्त आयकर आयुक्त मुनमुन शर्मा, पूर्व महिला हॉकी कप्तान मधु यादव पूर्व आयकर कमिश्नर संदीप सक्सेना भी उपस्थित रहे।

### स्वामी श्यामदेवाचार्य को श्रद्धांजलि देने पहुंचे सांसद तन्खा

नरसिंह मंदिर शास्त्री विज गोरखपुर में डॉक्टर श्यामदेवाचार्य के गोलोक गमन पर श्रद्धांजलि देने के लिए राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा पहुंचे। इस अवसर पर नरसिंह पीठाधीश्वर स्वामी नरसिंह दास, जगत बहादुर सिंह अन्नू एडवोकेट प्रवीण पांडे, लालमणि मिश्रा, प्रवीण चतुर्वेदी, हिमांशु मिश्रा, संजय शास्त्री उपस्थित थे।

# बंगाल की खाड़ी में साईक्लॉनिक सरकुलेशन

## फिर सक्रिय हो सकता है मानसून

**जबलपुर।** मानसून ट्रफ लाइन हिमालय की तराई में पहुंच के कारण बारिश पर ब्रेक लग गया है। उमस भरी गर्मी बेहाल कर रही है। पंखे, कूलर बेअसर साबित हो रहे हैं, लोगों को उमस भरी गर्मी से बचने दिन भर एसी चलाने पड़ रहे हैं। जिससे बिजली का लोड भी बढ़ गया है। शहर में बारिश के आसार नहीं है। हल्के बादल छाए हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिसे अधिक 32.5 डिसे रहा, जबकि आज का न्यूनतम तापमान 24.3 डिसे रहा। आद्रता सुबह की 83 प्रतिशत रही। मौसम विभाग के बीजू जॉन जैकब ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक साईक्लॉनिक सरकुलेशन बना हुआ है जो अगले 24 घंटों लो प्रेशर एरिया में बदलेगा जिससे मानसून फिर सक्रिय होने की संभावना है। जबलपुर और पूर्वी मध्यप्रदेश में फिर बारिश शुरू हो सकती है। सावन खत्म होने के बाद भादौ चल रहा है। इस महीने के 15 दिनों में भी अच्छी बारिश दर्ज होती है, लेकिन बंगाल की खाड़ी में मानसूनी हलचल सक्रिय नहीं होने से बारिश ब्रेक लग गया है। ट्रफ लाइन भी हिमालय की तराई में चली गई है, जिससे नमी नहीं आ रही है। दिनभर बादल छा रहे हैं, लेकिन बरस नहीं रहे हैं। इससे उमस का सामना करना पड़ रहा है। बीमार करने वाली गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र संभावित है। यह 28 अगस्त को बन सकता है। शहर में अगले तीन दिनों में झमाझम के आसार हैं।

# छोटे बच्चे भी स्कूल के लिए रहें तैयार

***जबलपुर। अब छोटे बच्चे भी स्कूल जाने की तैयारी कर लें, क्योंकि स्कूल शिक्षा विभाग अगले 4 दिन में इस पर फैसला लेगा। स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा है कि बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ा है, इसलिए अब और स्कूल बंद नहीं रखे जा सकते। अगले 4 दिन में यानी 30 अगस्त तक स्कूल में बच्चे कैसे आएं और क्लास कैसे शुरू हों, इस पर निर्णय ले लेंगे। दो दिन के अंदर सभी के साथ मीटिंग कर स्कूलों को लेकर रणनीति तैयार करेंगे।***



**स्कूल शिक्षा मंत्री बोले- 9वीं से 12वीं की क्लास के दिन बढ़ाए जाएंगे 8वीं तक की क्लास पर भी 4 दिन में फैसला**

अगर कोरोना की रिपोर्ट ठीक रहती है, तो सितंबर के दूसरे सप्ताह तक छोटे बच्चों के लिए भी स्कूल खोलने पर विचार कर रहे हैं। इसके पीछे दो दिन पहले IIT कानपुर के पद्मश्री प्रोफेसर मनिंद्र अग्रवाल के दावे का भी तर्क दिया जा रहा है। मनिंद्र ने कहा था कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका अब न के बराबर है।

### यह प्लान तैयार किया

जिला क्राइसिस मैनेजमेंट के साथ स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों और प्रिंसिपल के साथ जिलों में मिलने वाले कोरोना के केस की समीक्षा करेंगे।

वर्तमान में चल रही 9वीं से लेकर 12वीं तक की क्लास लगने के दिन बढ़ाए जाएंगे। यह सप्ताह में एक क्लास के लिए तीन दिन तक हो सकते हैं।6वीं से लेकर 8वीं तक की क्लास को शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। यह सप्ताह में दो दिन लग सकती हैं।सबसे अंत में सितंबर के दूसरे सप्ताह में पहली से लेकर 5वीं तक की क्लास शुरू की जा सकती है। यह एक दिन हो सकती है।

### अभी इस तरह स्कूल चल रहे

सिर्फ 50प्रश क्षमता के साथ 9वीं से 12वीं की क्लास लग रही हैं। 11वीं और 12वीं की क्लास सप्ताह में दो दिन है। 9वीं और 10वीं की क्लास सप्ताह में एक दिन।

### छोटे-छोटे ग्रुप में क्लास

जहां बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है, वहां सप्ताह में एक दिन छोटे-छोटे ग्रुप में क्लास लगाई जा सकती है। बच्चों को स्कूल भेजने के लिए अभिभावकों की अनुमति जरूरी होगी। स्कूल में कोरोना से निपटने के लिए सभी तरह के तरीके जैसे सैनिटाइजर, मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य होगा। सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का 100प्रतिशत वैक्सीनेशन होना अनिवार्य। बच्चे की तबीयत खराब होने पर उसे तत्काल अस्पताल ले जाने के साथ ही अभिभावकों को सूचना देना अनिवार्य है।

### स्कूल संचालकों का दबाव काम आया

एक दिन पहले ही प्राइवेट स्कूल संचालक शिक्षा मंत्री से मिले थे। उन्हें भी मंत्री परमार ने जल्द ही स्कूल खोले जाने का आश्वासन दिया था। स्कूल संचालकों ने छोटे बच्चों के लिए स्कूल नहीं खोले जाने पर प्रदर्शन करने की बात कही थी। इन्हीं सब को देखते हुए अब पिछले दो साल से बंद चल रहे स्कूल सभी बच्चों के लिए खोले जाने की प्लानिंग पर स्कूल शिक्षा विभाग काम कर रहा है।

### दूसरी लहर की तुलना में कम गंभीर

प्रोफेसर मनिंद्र अग्रवाल ने इससे पहले जुलाई में रिपोर्ट जारी की थी। इसमें कहा था कि यदि कोरोना का नया म्यूटेंट आता है, तो तीसरी लहर तेजी से फैल सकती है, लेकिन यह दूसरी लहर की तुलना में आधी होगी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे वैक्सीनेशन अभियान आगे बढ़ेगा, तीसरी या चौथी लहर की आशंका कम होगी।

# महाकोशल खेल रत्न अलंकरण समारोह कल



**जबलपुर।** खिलाड़ियों व खेल संघों के हित में क्रियाशील संगठन महाकोशल क्रीड़ा परिषद द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर अपरांह साढ़े12 बजे से गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रेक्षागृह में खेल सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम सांसद द्वय विवेक कृष्ण तन्खा, राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य व विधायक द्वय विनय सक्सेना, अशोक रोहाणी ,बाबू विश्वमोहन,मप्र ऑलम्पिक संघ सचिव दिग्विजय सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। जिसमें महाकोशल क्षेत्र के विभिन्न जिलों के विभिन्न खेलों के नवोदित व वरिष्ठतम खेल हास्तियों को महाकोशल क्षेत्र का सर्वोच्च खेल सम्मान महाकोशल खेलरत्न अलंकरण 2021 व महाकोशल खेल शिरोमणि 2021 (ब्लेजर, टाई, पगड़ी व सम्मान पत्र) देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में विभिन्न खेलों के 22 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को खेलरत्न अलंकरण दिया जाएगा। वहीं आयरन गेम्स के पितामह बीके पाठक व हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी स्व.एसपी निगम को मरणोपरांत महाकोशल खेल शिरोमणि 2021 दिया जाएगा। जिसे उनकेपरिजनों को प्रदान किया जाएगा। समारोह में विशेष आमंत्रित भारतीय खेल सितारे असलम शेख खान (हॉकी) ऑलम्पियन एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश चौहान, पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर अंकित शर्मा, ऑलम्पियन व लांग जम्प (नेशनल रिकार्ड होल्डर) की उपस्थिति में खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

### अलंकरण समारोह में स्तुत्य खेल संस्थाओं

जहांगीराबाद क्रिकेट क्लब (अचल सिंह गौर) मार्बल रॉक हॉकी क्लब (लायन पप्पी खान) सनी स्पोर्टिंग क्लब, बघराजी (राजेश सोनी) द अल्टीमेट लेप (स्टीफन चार्ली व श्रद्धा तिवारी) को भी विशेष सम्मान किया जाएगा। महाकोशल क्रीड़ा परिषद अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, संयोजक जगत बहादुर सिंह (अन्नू), संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा, उपाध्यक्ष डॉ राकेश तिवारी, वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, अशोक गुप्ता, महासचिव राजेश राजपूत, आरिफ बेग, रमेश केशरवानी, सचिव हेमंत नायडू आशीष तिवारी ने समारोह में खेल प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

# फेस लेस लर्निंग लाइसेंस की सुविधा शुरू

**जबलपुर।** परिवहन विभाग ने प्रदेश में फेस लेस लर्निंग लाइसेंस की सुविधा शुरू की है। इस व्यवस्था में शीघ्र नया बदलाव होने वाला है। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पूछे गए सवालों के जवाब यदि दूसरे व्यक्ति ने दिए तो लाइसेंस नहीं बनेगा। लाइसेंस बनाने वाले व्यक्ति की ट्रेकिंग की व्यवस्था की जा रही है। फेस लेस लर्निंग लाइसेंस की जानकारी भरते वक्त व सवालों के जवाब देते समय कैमरे के सामने आनलाइन रहना होगा। यदि इसमें किसी दूसरे का फेस दिखता है तो लाइसेंस नहीं बनेगा। फेस लेस लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए एक प्रक्रिया निर्धारित की है। इस प्रक्रिया को पूरा करने पर ही लाइसेंस प्राप्त होता है। लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले को यातायात नियमों से जुड़े 20 प्रश्नों के जवाब देने होते हैं। इनमें से 12 प्रश्नों के सही उत्तर देने होते हैं। यदि इससे कम उत्तर सही होते हैं तो उसका लाइसेंस नहीं बनेगा। प्रदेश में तीन से 11 अगस्त के बीच 2800 लोगों ने 12 प्रश्नों के उत्तर सही नहीं दिए थे, जिसके चलते उनके लाइसेंस जारी नहीं हुए थे। इसके बाद लोगों ने फेस लेस लाइसेंस प्रक्रिया से ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर आपरेटरों का सहारा लेना शुरू कर दिया था। आधार व ओटीपी देने के बाद पूरा कार्य कंप्यूटर आपरेटर करने लगे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए विभाग ट्रेकिंग की व्यवस्था करने जा रहा है।

**दूसरे ने सवालों के जवाब दिए तो नहीं बनेगा लाइसेंस**



# गाजर घास उन्मूलन कार्यक्रम

जबलपुर। पार्थेनियम पर ज्ञान गंगा इंटरनेशनल स्कूल कार्यक्रम की एक श्रृंखला आयोजित की गई। इसके अंतर्गत छात्रों के लिए एक आनलाइन जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। छात्रों को खाद निर्माण के बारे में भी बताया गया। छात्रों को इस खरपतवार प्रकोष्ठ के के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। संस्था के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार चंदेल ने इस गतिविधि की काफी सराहना की।इसमें छात्रों को पार्थेनियम की पहचान, इसके फैलाव के तरीके, ज़ज़्यांत्रिक, रासायनिक और जैविक तरीकों से इसके प्रबंधन के विभिन्न उपायों और उपयोग के बारे में भी शिक्षित किया।

**ज्ञानगंगा स्कूल में आयोजन**

# यादव महासभा ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान




जबलपुर। विजय नगर स्थित अल्फा मैरिज पॉइंट मे नवनियुक्त ग्रामीण अध्यक्ष रामकुमार यादव ने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर ग्रामीण अध्यक्ष का पद संभाला इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गुना सांसद के पी यादव एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय यादव महासभा मध्य प्रदेश के ऊर्जावान अध्यक्ष जगदीश यादव थे एवं विशिष्ट अतिथि जबलपुर सांसद राकेश सिंह , विधायक अजय विश्नोई , लखन घनघोरिया अशोक रोहाणी संजय यादव, विनय सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री कृष्ण के चरणों में पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठजनों का शॉल श्रीफल एवं पुष्पाहार पहना कर सम्मान किया गया एवं सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने नवनियुक्त अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ग्रामीण अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र देकर बधाई दी। 29 अगस्त रविवार को एल्गिन अस्पताल में 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन युवा यादव महासभा एव युवा यादव ब्रिगेड के द्वारा किया जाएगा इस अवसर पर यादव महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत सिंह यादव शहर अध्यक्ष मनोज यादव प्रदीप यादव मंडी अध्यक्ष, सुभाष यादव वीजय यादव परमू यादव चंदू यादव गोलू यादव गुलाब यादव शशांक महिला यादव महासभा से कमलेश यादव सुमन सिंह यादव विनीता सिंह यादव रजनी सुनील यादव चंदू यादव बाल बोध यादव रिंकू यादव राम मिलन यादव पवन यादव दिलीप यादव लालू यादव चित्रांश यादव संदीप यादव, दीपक यादव, शिवम यादव कौशल यादव अनूप यादव देवांश यादव बबला यादव हार्दिक यादव एवं ग्रामीण यादव महासभा एवं शहर यादव महासभा व स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति और लेकिन इसी कार्यक्रम का संचालन ऋषि यादव पार्षद एवं कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विजय यादव ने किया

### मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस हॉकी मैच कल

जबलपुर। स्थानीय साइंस कॉलेज मैदान, जबलपुर के हॉकी मैदान में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर स्वर्गीय ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में मार्बल रॉक हॉकी क्लब के तत्वाधान में मध्यप्रदेष की दो सर्वश्रेष्ठ टीम के मध्य अपरान्ह 03.30 बजे मैत्री हॉकी मैच का आयोजन केन्ट क्षेत्र में खेलों को नये आयाम प्रदान करने वाले केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य एवं समीर दाद के विशिष्ट अतिथि में खेला जाएगा । साथ ही मैच के उपरांत खिलाड़ियों को पुरस्कार भी प्रदान किया जाएगा।




# त्याग -तपस्या के बिना बड़े कार्य नहीं हो सकते:आचार्य श्री



**जबलपुर।** आचार्यश्री विद्यासागर महाराज ने दयोदय तीर्थ में कहा कि कम समय में अपनी शक्ति को आजमाने से बड़े-बड़े कार्य हो जाते है, मंदिर का शिखर जहां स्थापित होता है उसके नीचे वाले भाग कमल की भांति होता है कुंडलपुर के बड़े बाबा में निर्मित किया जा रहा कमल सबसे बड़ा होगा इतना बड़ा अभी कहीं नहीं है उसी के हिसाब से कलश स्थापित किया जाते हैं। इस समस्त निर्माण में आप सभी का योगदान है यह खुशी की बात है हजारों वर्षों तक यह मंदिर अहिंसा की जय घोष करता रहेगा , यह आप लोगों की एकता के कारण हो रहा है सैकड़ों व्यक्ति एक बड़ी शिला को उठाना चाह रहे थे, लेकिन उठा नही पा रहा थे, एक से एक बलशाली ने उस पर हाथ लगाया, कोशिश की लेकिन उठा नहीं पाया, तभी एक बुद्धिमान ने बताया कि युक्ति से कार्य करते हैं और चारों तरफ लकड़ी के कोने लगा दिए और जंजीर से बांधकर उसे ऊपर ले जाना भी बहुत आसान हो गया चेनपुल्ली लगा देने से अब बच्चे भी उसे ऊपर उठा पा रहे है , बहुत सारे लोग मिलकर भी जिन पत्थरों को नहीं उठा पा रहे थे अब वे तकनीक के माध्यम से बच्चे भी कहीं भी भेज सकते हैं,यह शक्ति कहां से आई और वह भार कहां चला गया यह । संभव हुआ क्योंकि युक्ति से हम ज्ञान पूर्वक कार्य कर रहे हैं । बड़े ही बड़े सेठ साहूकारों ने ऐसे ही सुंदर मंदिरों का निर्माण किया है जिनकी अब कल्पना भी नहीं की जा सकती, निर्माण तभी होते हैं जब वहां की जनता का पुण्य उदय होता है। योजना बनाकर बैठ जाने से कार्य पूरा नहीं होता कार्य पूरा होता है जब इच्छा शक्ति हो, त्याग और तपस्या के बिना ऐसे बड़े कार्य नहीं हो सकते।

# नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस वितरण कल

**जबलपुर।** गुप्तेश्वर वार्ड अंतर्गत हाथीताल में लगाए गए नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में मातृ शक्तियों के बनाए गए लाइसेंसों का वितरण कल रविवार को शाम 4:00 बजे से गुरुद्वारा प्रेम नगर दशमेश द्वार मदन महल में होगा । कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती निशा संजय राठौर ने बताया कि सांसद श्री राकेश सिंह ,स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी , पुलिस महा निरीक्षक भगवत सिंह चौहान विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, इंदु तिवारी, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू गुरुद्वारा के प्रधान प्रीतम सिंह , शैलेंद्र सिंह आरटीओ संतोष पाल लाइसेंस का वितरण करेंगे ।




# कोरोना वैक्सीन ही महामारी से बचाव की सुरक्षा कवच



**जबलपुर।** भगवान परशुराम धाम, ग्वारीघाट में पंडित अमित खम्पारिया ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा संपूर्ण मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन कराया जाना जनहित में बताया और कहा कि कोरोना वैक्सीन ही महामारी से बचाव की सुरक्षा कवच है। एवं कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक द्वारा किए जा रहे कार्य की सभी लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की । द्वितीय चरण में भरत तिवारी सुशील तिवारीआनंद गौतम मानव शर्मा देवेंद्र सूर्यवंशी संपूर्ण ब्राह्मण मंच सदस्य घोषित करते हुए भगवान परशुराम छायाचित्र पत्रिका आरती पूजन पुस्तिका प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रत्येक गुरुवार की तरह नर्मदा परिक्रमा वासी गौ माता नर्मदा पूजन कन्या पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया इस कार्यक्रम में यदुवंश मिश्रा,डॉक्टर अरुण मिश्रा पंडित धनंजय बाजपेई सुधाकर मिश्र सत्यदेव तिवारी, माधव पांडे श्रीमती मीरा दुबे, अनिल दुबे प्रमोद दुबे राजकुमार शर्मा आनंद मोहन गुप्ता जी माधव पांडे जी देवेंद्र सूर्यवंशी जी चांदनी पांडे आदि मौजूद रहे।












# गणेशोत्सव 10 सितंबर से पीओपी की प्रतिमा पर सख्त रोक

## अगर बनाते मिले मूर्तिकार तो 2 साल के लिए होंगे प्रतिबंधित



**जबलपुर।** प्रथम पूज्य श्रीगणेश जी का उत्सव 10 सितंबर से है। इस बार अभी से प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से निर्मित मूर्तियों की स्थापना न हो इसके लिए सख्ती है। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गणेश एवं दुर्गा उत्सव के लिए पीओपी की प्रतिमा बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय ने आदेश जारी किए हैं। इसमें कहा है कि कारीगर व मूर्तिकार पीओपी की प्रतिमाएं नहीं बनाएं। यह प्रतिबंधित है। इनकी बजाय मिट्टी की प्रतिमाएं बनाई जाएं। पीओपी की मूर्ति बनाते मिलने पर मूर्तिकार पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जाएगा। सीएमओ माधुरी शर्मा ने बताया मूर्ति बनाने वाले शिल्पकारों व कारीगरों को नगरीय निकायों में पंजीकृत होना चाहिए। पंजीकरण शर्तों का उल्लंघन करने और जारी निर्देशों का पालन नहीं करने पर मूर्ति निर्माता के खिलाफ कम से कम दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित करने के निर्देश मिले हैं। जबलपुर में गणेशोत्सव पर्व संयमित तरीके से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। सार्वजनिक श्रीगणेशोत्सव समितियों ने तय किया है कि सीमित तरीके से पूर्ण सुरक्षा बरतते हुए श्रीगणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। सैनिटाइजर का इंतजाम रहेगा। बिना मास्क वालों को पंडाल के सामने खड़ा नहीं होने दिया जाएगा। विसर्जन के दौरान भी कोविड गाइडलाइन का गंभीरता से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। पीओपी से बनीं मूर्तियां पर्यावरण के लिए नुकसानदायक हैं। पानी में नहीं घुलती। गणेशोत्सव संयमित तरीके से मनाने की तैयारी

### पिछले साल नहीं बिक सकी थी प्रतिमाएं

कोरोना संक्रमण काल से ही मूर्तिकारों की आर्थिक स्थिति भी बिगड़ी हुई है ऐसे में वह कोई भी बड़ा घाटा झेलना की स्थिति में नहीं है। इस बारे में मूर्तिकार बबलू का कहना है कि पिछले साल के जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश को मानते हुए उन्होंने गणेश प्रतिमाएं तैयार की है। अब उनकी न्यौछावर मिलना या न मिलना उन्हीं के हाथ में है। पिछले साल कोसेना के चलते उनके द्वारा बनाई गई दो से ढाई फीट की कई गणेश प्रतिमाएं नहीं बिक सकी थी। दो से ढाई फीट की कई प्रतिमाएं अभी भी उनके पास रखी हुई हैं ऐसे में वह बड़ी प्रतिमा बनाकर नुकसान नहीं चाहते हैं। राजचक्रवर्ती कहते हैं कि समय अब बेहद कम बचा है। सांचे. से बनने वाली प्रतिमातो हम सर्ट समय में बना सकते हैं पर हाथ से बनने वाली प्रतिमा का निर्माण करना संभव नहीं होगा। मौसम का भरोसा नहीं राजचक्रवर्ती ने बताया कि मौसम का कोई भरोसा नहीं है। यदि कोई कलाकार हिम्मत करके 5 फीट की प्रतिमा बनाने तैयार होता है तो जोखिम यह है कि पानी गिर गया. और धूप नहीं निकली तो मूर्ति का सूखना मुश्किल है। **फोटो - बबलू**

### कलाकार ऐसे बनाएं मूर्तियां



- मूर्तियों को प्राकृतिक, विषाक्तहीन, अकार्बनिक कच्चे माल जैसे पीओपी, प्लास्टिक, थर्माकोल से मुक्त पवित्र और चिकनी मिट्टी से बनाया जाएं।
- मूर्तियों में आभूषण बनाने के लिए सूखे फूल, पुवाल का उपयोग करें।
- मूर्तियों को आकर्षक बनाने के लिए प्राकृतिक रेजिन का एक चमकदार सामग्री के रूप में उपयोग किया जा सकता है।
- मूर्तियों और पंडालों की सजावट के लिए पुवाल का प्रयोग किया जाए, ताकि जल प्रदूषण रुक सके।
- मूर्तियों में पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें।



# नगर परिषद पाटन 100 प्रश वैक्सीनेटेड घोषित

**जबलपुर।** कोरोना महामारी से रोकथाम हेतु चलाए जा रहे व्यापक महाअभियान अंतर्गत समस्त 15 वालों को 100त्न वैक्सीनेटेड घोषित किया गया वार्ड नंबर 9 में स्थित सामुदायिक भवन में माननीय विधायक श्री अजय विश्नोई की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर परिषद पाटन को 100त्न वैक्सीनेशन का प्रमाण पत्र प्रदान किया इस कार्यक्रम के साथ ही काली माई मंदिर वार्ड क्रमांक 13 में टीन शेड का लोकार्पण कार्य माननीय विधायक जी द्वारा संपन्न किया गया इसके पश्चात नगर परिषद पाटन द्वारा कोरोना वॉलिंटियर्स/वॉरियर्स हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नगर परिषद पाटन के अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों जन अभियान परिषद के स्वयंसेवकों, एएनएम कार्यकर्ता, शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों, नगर परिषद के कर्मचारियों तथा जनपद पंचायत पाटन के समस्त सचिव एवं जीआरएस जिन्होंने कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान पीड़ित मानवता की सेवा में एवं लॉकडाउन के पश्चात वैक्सीनेशन अभियान एवं महा अभियान मैं निरंतर सक्रियता से कार्य किया उन सभी को विधायक अजय विश्नोई की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एसडीएम शाहिद खान, तहसीलदार प्रमोद चतुर्वेदी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी पाठक, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी आदर्श विश्नोई, नायब तहसीलदार सुश्री सुरभि जैन सीएमओ नीलम चौहान एवं मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह, राकेश सिंह, आचार्य जगेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव, हरि सिंह, बालचंद जैन, भरत मिश्रा, गजेंद्र सिंह, राघवेंद्र यादव, मिलन सिंघई आदि उपस्थित रहे।,

# पमरे जबलपुर के 26 स्टेशनों में जीपीएस क्लॉक डिस्प्ले




जबलपुर यश भारत। भारतीय रेलवे में डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में पश्चिम मध्य रेल में भी डिजिटल तकनीक का उपयोग करते हुए यात्री सुविधाओं को अधिक से अधिक बढ़ोत्तरी की जा रही है। रेलवे में समय की सही जानकारी गाड़ियों की समयपालनता के लिए बहुत उपयोगी रही है। वर्तमान समय में रेलवे में समय के लिए डिजिटल जीपीएस क्लॉक का ही उपयोग किया जा रहा है। पमरे के तीनों मण्डलों में कुल 83 स्टेशनों पर डिजिटल जीपीएस क्लॉक स्थापित किया गया है। जबलपुर मण्डल (26 स्टेशनों) जबलपुर, मदनमहल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, सिहोरा, कटनी साउथ, कटनी, कटनी मुड़वारा, ब्यौहारी, मैहर, सतना, रीवा, रीठी, सैलया, बांदकपुर, बखलेटा, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, घटेरा, जरुआखेड़ा, खुरई, सागर एवं मालखेड़ी स्टेशनों पर डिजिटल जीपीएस क्लॉक स्थापित किया गया है। भोपाल मण्डल (17 स्टेशनों) भोपाल, हबीबगंज, बीना, इटारसी, होशंगाबाद, विदिशा, गुना, गंजबासौदा, साँची, हरदा, मंडीबामौरा, अशोकनगर, मुंगावली, ब्यावरा राजग?, संत हिरदाराम नगर एवं मण्डीदीप स्टेशनों पर डिजिटल जीपीएस क्लॉक स्थापित किया गया है।

# जबलपुर जिले में विकसित किया जायेगा गोवंश वन्य विहार

## कुण्डम के गंगईवीर ग्राम की 530 एकड़ भूमि पर होगा विकसित

**जबलपुर,** ।म.प्र. गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड की कार्य परिषद् के अध्यक्ष महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि ने कलेक्टर कर्मवीर शर्मा एवं पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ. सुनीलकांत बाजपेयी, गौवंश वन्य विहार के नोडल अधिकारी डॉ. सुनील दीक्षित, जिला नोडल अधिकारी गौशाला डॉ. सौरभ गुप्ता की उपस्थिति में कुण्डम तहसील के अन्तर्गत ग्राम गंगईवीर स्थित एवं गोवंश वन्य विहार के लिये आरक्षित और पूर्व से पशुपालन विभाग की अभिरक्षा में सुरक्षित 530 एकड़ भूमि पर गोवंश वन्य विहार विकसित करने की गोसंवर्धन बोर्ड की योजना पर



विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में राज्य शासन की गोरक्षा संबंधी नीति और प्रदेश के मुख्यमंत्री के गो-संरक्षण हेतु संकल्प के अनुरूप च्मुख्यमंत्री गोसेवा योजना पर बोर्ड के अध्यक्ष का मार्गदर्शन प्राप्त किया। कुण्डम तहसील के अन्तर्गत गंगईवीर केंद्रित आसपास की पाँच-सात ग्राम पंचायतों को लक्ष्य कर प्रस्तावित गोवंश वन्य विहार के विकास हेतु निर्णय लिया गया। वन्य विहार के अन्तर्गत 530 एकड़ भूमि पर केटल शेड का निर्माण, पशु चिकित्सा केंद्र, गौवंश हेतु पेय-जल व्यवस्था, कर्मचारी आवास, कम्पाउंड वाल का निर्माण किया जायेगा। महामण्डलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद ने अधिकारियों को विश्वास दिलाया कि शासन द्वारा निर्माण कार्य हेतु फंडिंग की जायेगी। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से कहा शासन, प्रशासन और समाज मिलकर गोवंश संरक्षण का कार्य करेंगे।

# तिलवारा के ललपुर में जेसीबी से निकाली जा रही थी मुरुम

## पुलिस ने 1 जेसीबीए 2 टैक्टर ट्राली किए जब्त

**जबलपुर, यशभारत।** तिलवारा के ललपुर में अवैध मुरुर का उत्खनन करते हुए पुलिस ने जेसीबी मशीन एवं 2 टैक्टर ट्राली मुरूम समेत जब्त करते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया गया। जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि बिलाई की भटिया ग्राम ललपुर में जेसीबी से अवैध रूप से मुरूम उत्खनन कर टैक्टर ट्रालियों में लोड की जा रही है। सूचना पर दबिश दी गयी जहॉ एक जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी 20 बीए 2194 मुरूम उत्खनन करते हुए 2 हॉलेण्ड टैक्टर ट्रालियॉ खड़ी मिली। 1 टैक्टर ट्राली में आधी मुरूम भरी थी जिसमें जेसीबी से मुरूम भरी जा रही थी तथा दूसरे टैक्टर ट्राली मरूम से भरी थी। जिसका चालक पुलिस को आता देख भाग गया। घेराबंदी कर जेसीबी चालक संतोष प्रजापति उम्र 34 वर्ष निवासी चौरई बरगी एवं टैक्टर चालक सज्जू भूमिया उम्र 20 वर्ष निवासी ललपुर तिलवारा ने भागने वाले टैक्टर चालक का नाम बब्बा उर्फ भगवानदास निवासी ललपुर बताया। सघन पूछताछ पर जेसीबी चालक ने उक्त जेसीबी मशील जबलपुर निवासी रॉबिन तिवारी की बताई व आकाश राय द्वारा 900 रूपये प्रतिघंटा के हिसाब से किराये पर जेसीबी मशीन से खुदाई करवाने की जानकारी दी तथा उक्त टैक्टर आकाश राय एवं बल्लू राय के होना बताया। जेसीबी मशीन एवं 2 टैक्टर ट्राली मुरूम समेत जब्त करते हुए जेसीबी व ट्रैक्टर चालक, टैक्टर मालिक एवं अवैध उत्खनन करनवाले के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### ट्रेक्टर चालक के पास ड्रायविंग लायसेंस भी नहीं था

तो वहीं दूसरी ओर थाना अधारताल के हीकल मोड़ महाराजपुर में ट्रेक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 20 एए 4791 जिसकी ट्राली में रेत भरी थी, को रोककर चालक अशोक रजक उम्र 36 वर्ष निवासी पन्नी मोहल्ला सुहागी से पूछताछ करने पर रायल्टी नहीं होना बताते हुये स्वयं का ड्रायविंग लायसेंस भी नहीं होना बताया गया। चालक द्वारा अवैधानिक रूप से रेत चोरी कर परिवहन करना पाये जाने से टेक्टर ट्राली मय रेत के जब्त करते हुये कार्यवाही की गयी।

# हलषष्ठी पर्व : महिलाओं द्वारा आज घरों में भक्तिमय माहौल पूजा

**जबलपुर।** भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम के जन्मोत्सव के रूप में हलषष्ठी पर्व प्रतिवर्ष मनाया जाता है। हलषष्ठी पर्व महिलाओं द्वारा आज घरों में भक्तिमय माहौल के बीच उत्साह के साथ पर्व मनाया गया। पुत्र की लंबी उम्र की कामना व सुख समृद्धि को लेकर महिलाओं द्वारा हलषष्ठी माता की पूजा अर्चना की गई। बलराम का प्रमुख शस्त्र हल व मूसल है, जिससे इन्हें हलधर भी कहा जाता है। वृतधारी महिलाओं ने हलषष्ठी की पूजा में चना, गेहूं, जौ, अरहर, मक्का व मूंग चढ़ाने के बाद हरी कजरियां चढ़ाया। पूजन के बाद भैंस के दूध के मक्खन का हवन कर आरती पश्चात प्रसाद का वितरण किया।



### ध्यानचंद स्मृति सिक्स ए साइड हॉकी व फुटबाल प्रतियोगिता

# पावर ट्रांसमिशन ने जीता खिताब

**जबलपुर,** । एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय एवं कला परिषद के तत्वावधान में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित सिक्स ए साइड फुटबाल व हॉकी प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबाल स्पर्धा का खिताब मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को एक गोल से पराजित कर जीत लिया। मैच का निर्णय पेनाल्टी शूट आउट से किया गया, जिसमें पावर ट्रांसमिशन कंपनी के सुमंत मिश्रा ने विजयी गोल किया। हॉकी स्पर्धा का फाइनल मैच 28 अगस्त को सायं 3.30 बजे से पाण्डुताल मैदान में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मध्य खेला जाएगा। मैच के पश्चात् प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया जाएगा। फाइनल मैच में पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से पवन पटेल, सुमंत मिश्रा, एएम बहादुर, टीकाराम, एलपी साहू, तबरेज़ आलम, सूर्यभान, इकबाल व शैलेन्द्र चार्ल्स ने और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से राजेश सिंह, कुलदीप बहादुर, राजेन्द्र कुशवाह, देवेन्द्र चढ़ोकार, अशोक चौहान, विनोद राजपूत, संजय झरबड़े, आरके मरावी व विजय मैदान में उतरे। मैच के रैफरी क्रिस्टोफर नरोन्हा रहे।



सेमीफाइनल मैच में पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी को 5-0 से और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पावर जनरेटिंग कंपनी को पराजित किया। हॉकी के सेमीफाइनल मैच में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने पावर जनरेटिंग कंपनी को 8-1 से और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पावर ट्रांसमिशन कंपनी को 6-1 गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

# 10वीं उत्तीर्ण छात्रों की अंकसूची जमा करने की अंतिम तिथि अब 31 अगस्त

**जबलपुर,।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी और हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक परीक्षा वर्ष 2021 में अन्य राज्य या अन्य बोर्ड के छात्रों के कक्षा 10वीं के उत्तीर्ण अंक और प्रमाणित अंकसूची को ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि अब 31 अगस्त 2021 तक ब?ा दी गयी है। इसके पूर्व यह तिथि 7 अगस्त 2021 थी। मण्डल ने छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए प्रमाणित अंकसूची को संभागीय कार्यालय में जमा करने के लिए अंतिम अवसर दिया गया है। निर्धारित अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021 के पश्चात किसी भी छात्र के दस्तावेज प्राप्त नहीं किये जायेंगे और इनकी परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी। साथ ही सभी संभागीय अधिकारियों को ऐसे सभी प्रकरणों के अंकों का सत्यापन और पात्रता की ऑनलाईन पुष्टि 2 सितंबर 2021 तक करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# देश रक्षा व हिन्दु हित को लेकर हिन्दुवादी संगठन ने भरी हुंकार

## अम्बेडकर चौक पर मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन

**जबलपुर** । नगर के सभी हिन्दूवादी संगठनों द्वारा नेतृत्व वाली समिति द्वारा धार्मिक भेदभाव आंदोलन किया गया मुख्यमंत्री के नाम सौपे ज्ञापन में यह मांग की गई की संपूर्ण मध्यप्रदेश में विगत दिनों जो हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ और भेदभाव किया जा रहा है उसे तत्काल रोका जाये संपूर्ण मध्यप्रदेश में देशविरोधी ताकत पनप रही है जिनको तत्काल प्रभाव से कुचलें जाने की आवश्यकता है प्रदेश में राष्ट्र विरोधी ताकतों द्वारा पाकिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की गई है, प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे उज्जैन, इंदौर, खण्डवा आदि में देश द्रोहियों द्वारा देश विरोधी एवं राष्ट्रविरोधी नारे बाजी तथा वकतव्य दिये गये है जिससे समस्त देशभक्तों में रोष व्याप्त है। इस आंदोलन में बड़ी संख्या में हिन्दुवादी अम्बेडकर चौक में एकत्रित होकर धर्म विरोधी ताकतों एवं प्रशासन के भेदभाव आचरण के विरुद्ध आंदोलन किया गया। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर हिन्दुवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि देश के गद्दारों पर सक्त से सक्त कार्यवाही की जाये ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके ।ज्ञापन के माध्यम से मांग की गयी कि जिस प्रकार एक विशेष समुदाय को उनके त्यौहार मनाने के इजाजत दी गयी उसी प्रकार हमारे आने वाले त्यौहारों पर भी कोई प्रतिबंध एवं नियम व शर्ते लागू न की जाये। हिन्दुओं के त्यौहार उनकी आस्था का प्रतीक है व हिन्दु समाज भी अपने त्यौहारों को अच्छे से मनाना चाहता है।आंदोलन के दौरान समिति के योगेश अग्रवाल, विनय पांडे, अतुल जेसवानी, सुमित ठाकुर, विकास खरे, सुशील बर्मन विशाल सोलंकी, रघुराज यादव एवं अरविंद बाबा आदि उपस्थित थे।




## न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर

राप्रक्र /2653/अ-6/20-21 जबलपुर
दिनांक 16/8/2

### आम इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती अमनदीप संधु पति करमजीत सिह संधु निवासी विजासन माता मंदिर के पास सुहागी के द्वारा मौजा सुहागी न बं 426 पहनं 17/20 रा नि मं माढ़ोताल में स्थित भूमि खसरा नंब 21/13 रकवा 700 वर्गफुट वसीयतनामा दिनांक 13/10/17 के माध्यम से प्राप्त की गई भूमि का नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान में भूमि पर श्री सुरेश कुमार दुबे पिता स्व. काशीप्रसाद दुबे निवासी जबलपुर के नाम दर्ज है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को काई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 30/8/2021 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 16.8.21
पेशी दिनांक 30.8.21

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अधारताल जबलपुर**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद पनागर जिला-जबलपुर मप्र

क्रमांक/589 /रा शा/2021-22 पनागर, दिनांक/ 27.08.2021

### इश्तहार सूचना

### भवन/प्लाट हकान्तरण सूचना वर्ष 2020-21

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित आवेदनों पर हकांतरण कार्यवाही की जाना है। इस हेतु जारी दिनांक से 7 दिवस के अंदर आपत्तियों का आव्हान किया जाता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों एवं प्रमाण रहित आपत्तियां मान्य नहीं की जावेगी।

### सूचित हो

| क्र | प्रकरण क्र | वार्ड का नाम | भवन/प्लाट | संपत्ति हस्तांतरण का माध्यम | हस्तान्तरिति का नाम एवं पूर्ण पता | हस्तान्तरणकर्ता का नाम एवं पूर्ण पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 359 | सुभाष वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/वशियतनामा | श्रीमति पुष्पा बाई चौधरी पति श्री स्व. श्रीपाल चौधरी सुभाष वार्ड पनागर | श्री गोविन्द प्रसाद चमार पिता श्री गोरेलाल सुभाष वार्ड पनागर |
| 2 | 360 | प्रताप वार्ड | भूमि | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/वशियतनामा | श्री विनय कुमार व्यास पिता श्री प्रमोद कुमार व्यास प्रताप वार्ड पनागर | श्री नारायण प्रसाद, श्री अनूप कुमार, लक्ष्मीबाई/प्रमोद कुमार प्रताप वार्ड |
| 3 | 361 | जगमोहन वार्ड | भवन | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री अशोक केशरवानी पिता श्री केदारनाथ केशरवानी, श्री पंकज केशरवानी पिता श्री लल्लू प्रसाद केशरवानी दमोहनाका जबलपुर | श्री सतीश कुमार तिवारी पिता श्री भागवती प्रसाद तिवारी सिंगौद पनागर |
| 4 | 362 | शिवाजी वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री रामजी सराफ पिता श्री राजेंद्र कुमार सराफ शिवाजी वार्ड | श्रीमति गया बाई पति श्री भूरेलाल, श्री मोतीलाल, श्री अम्पू लाल पिता श्री भूरेलाल कुशवाहा शिवाजी वार्ड |
| 5 | 363 | राम वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री बद्री प्रसाद सोनी पिता श्री वृन्दावन सोनी, श्रीमति मयूरी सोनी श्री बद्री प्रसाद सोनी | श्री सूरज प्रसाद विश्वकर्मा पिता श्री जगदीश प्रसाद, श्री भोलेनाथ केशवानी, श्री गणेश केशरवानी, महेश प्रसाद केशरवानी, श्री शारदा प्रसाद केशरवानी जगमोहन वार्ड पनागर |
| 6 | 364 | बजांग वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमति किरण बाई शर्मा पति श्री अशोक कुमार शर्मा विनोवाभावे वार्ड | श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव/श्री महेंद्र खरे जबलपुर |
| 7 | 365 | राम वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री राकेश कुमार पाण्डेय, श्रीमति माधुरी पाण्डेय, श्री प्रयाग कुमार पाण्डेय/मंगलेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा रामपुर सीधी | श्री सूरज प्रसाद विश्वकर्मा पिता श्री जगदीश प्रसाद श्री भोलेनाथ केशरवानी, श्री गणेश केशरवानी, महेश प्रसाद केशरवानी, श्री शारदा प्रसाद केशरवानी जगमोहन वार्ड पनागर |
| 8 | 366 | राम वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री हेमलता त्रिपाठी पति श्री भोमदत्त मनी त्रिपाठी, श्री भोमदत्त मनी त्रिपाठी पिता श्री सुधीर मनी त्रिपाठी भीतरी सीधी | श्री सूरज प्रसाद विश्वकर्मा पिता श्री जगदीश प्रसाद, श्री भोलेनाथ केशरवानी, महेश प्रसाद केशरवानी श्री शारदा प्रसाद केशरवानी, जगमोहन वार्ड पनागर |
| 9 | 367 | विनोवा भावे वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री अनिल पटेल पिता श्री राजेंद्र प्रसाद पटेल सुनगवा मंझोली | श्री दिलीप कुमार कुर्मी पिता श्री राम प्रसाद कुर्मी ग्राम चिल्हिया |
| 10 | 368 | आजाद वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/वशियतनामा | श्रीमति रामबाई कोरी पति श्री मुन्ना लाल कोरी आजाद वार्ड | श्री मुन्ना लाल कोरी पिता श्री लाल जी कोरी आजाद वार्ड पनागर |
| 11 | 369 | विनोवा भावे वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री लखन कुशवाहा पिता श्री कालूराम कुशवाहा आजाद वार्ड पनागर | श्रीमति चेना बाई कुशवाहा पति श्री अवधेश कुशवाहा गॉधी वार्ड पनागर |
| 12 | 370 | गुरूनानक वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमति रितु पटेल पति श्री संतोष पटेल उमरिया चौबे | श्री जी. देवराज नायडू पिता श्री जी. नारायण स्वामी नायडू सिविल लाइन जबलपुर |
| 13 | 371 | जगमोहन वार्ड | भवन | शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र/वशियत नामा | श्रीमति ममता लोधी, श्री सनिल लोधी, श्री चन्दन लोधी पिता/पति श्री संतोष कुमार लोधी जगमोहन वार्ड | श्री संतोष कुमार लोधी पिता श्री लक्ष्मण लोधी जगमोहन वार्ड |
| 14 | 372 | विनोवा भावे वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्रीमती कल्पना कुशवाहा पति श्री कृष्णा कुशवाहा छिंदवाड़ा | श्री केशलाल काछी पिता श्री चेतराम काछी विनोवा भावे वार्ड |
| 15 | 373 | बजरंग वार्ड | भूमि | ई पंजीकृत विक्रय पत्र | श्री आदित्य कोरी पिता श्री कुंजी लाल कोरी रामपुर | श्री हेमन्त कुमार पाजपेयी, श्री महेंद्र खरे धनवंतरी नगर जबलपुर |

**मुख्य नगर पालिका अधिकार**
**नगर पालिका परिषद पनागर**

# दिसंबर तक आएगी 300 सीएनजी बसें

## अगले दो सालों तक 25 किमी के दायरे में होगी संचालित



भोपाल । बीसीएलएल द्वारा अमृत योजना के तहत सूत्रीकृत नगरीय मार्गों पर नवीन मिडी बसों के संचालन के बाद अब शहर में 300 सीएनजी बसे आने वाली है। दिसंबर तक ये बसें भोपाल आ जाएंगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया हो गई है। हैदराबाद की कंपनी को इसका टेंडर दिया गया है। इसके एक बस करीब 30 लाख रुपये की बताई जा रही है। जो शहर वासियों को सुखद यात्रा कराएगी। वहीं शहर के 25 किमी के दायरे में इन बसों का भी संचालन किया जाएगा। इसके साथ ही 15 नए रूट तय किए जा रहे है। जिनमें बसे संचालित की जाएगी। इसके अलावा 300 डीजल और 100 इलेक्ट्रिक बसें अगले दो सालों के अंदर शहर में संचालित होंगी। इसके लिए 18 नए रूट तय किए है। वहीं पांच बस स्टैंड और डिपो भी बनाए जाएंगे।वर्तमान में बीसीएलएल 14 रूट पर 195 बसें चला रहा है। 50 नई बसों को मिलाकर इनकी संख्या 245 के आसपास है। सीएनजी बसों के लिए आदपुर छावनी में प्लांट लगाया जा रहा है जो कि आगामी एक साल में बनकर तैयार हो जाएगा। वहीं इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग के लिए स्मार्ट सिटी द्वारा चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे है। शहर में करीब 1000 लोकेशनों में यह चार्जिंग प्लग उपलब्ध करवाए जाएंगे। भोपाल सिटीलिंक लिमिटेड कंपनी हैदराबाद की इनक्यूबेट सॉफ्टेक कंपनी से अनुबंध किया है। कंपनी को 280 दिन यानी 9 माह दस दिन के भीतर यह बसें ला रही है। अभी यहां 6 एकड़ जमीन पर यूनिडो की सब्सिडी से प्लांट लगाने के लिए बाउंड्री वॉल आदि का काम शुरू हो गया है। यानी शहर के कचरे से 400 मीट्रिक टन बायो सीएनजी बनेगी।

### पांच जगहों पर लगेंगे सीएनजी पंप

नगर निगम ने इंडियन ऑइल की सिस्टर कंपनी थिंक गैस सीएनजी पंप लगाने के लिए अनुबंध किया है। कंपनी नगर निगम को सीएनजी पर 7 प्रतिशत की छूट देगी और निजी वाहनों को सीएनजी बेचने पर निगम को 3 प्रतिशत कमीशन भी मिलेगा। फिलहाल निगम के पास सीएनजी से चलने वाली 25 कचरा गाड़ियां हैं। इन गाड़ियों को नेहरू नगर स्थित पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप से सीएनजी मिल रही है।

- माता मंदिर स्थित डीजल टैंक, बैरागढ़ बस डिपो
- सावरकर सेतु
- गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र
- आरिफ नगर



# पेपर आउट होने पर वरिष्ठ कृषि विस्तार, ग्रामीण कृषि विस्तार और नर्सिंग की परीक्षा निरस्त

भोपाल। पीइबी (प्रोफेशनल एक्जामिनेशन बोर्ड) द्वारा वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और नर्सिंग भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा निरस्त कर दी गई है। इस परीक्षा के पेपर इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद यह निर्णय लिया गया। प्राथमिक जांच में पेपर आउट होने में पीइबी के किसी व्यक्ति की संलिप्तता नहीं पाई गई है। परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी एम/एस एनएसइआइटी लिमिटेड पर कार्रवाई की जा रही है। वह आगामी परीक्षाओं का आयोजन नहीं कर सकेगी। प्रदेश के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि इसी वर्ष 10 तथा 11 फरवरी को प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया था। निर्धारित प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों को परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों के संबंध में 17 फरवरी तक आपत्ति दर्ज कराने का समय दिया गया था। 18 फरवरी को विभिन्न् प्रचार माध्यमों से यह जानकारी सामने आई कि कुछ परीक्षार्थियों के अंक उनकी अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों से अधिक आए हैं। इस पर पीइबी (पूर्व में व्यावसायिक परीक्षा मंडल) की आंतरिक समिति ने जांच की। मामला तकनीकी जांच के लिए मध्य राज्य इलेक्ट्रानिक विकास निगम (एसइडीसी) का सहयोग लिया गया।

### किसी कंप्यूटर से डाउनलोड किया प्रश्न पत्र

मिश्रा ने बताया कि एसइडीसी की जांच में पाया गया कि 31 जनवरी को करीब डेढ़ बजे, सात जनवरी को करीब नौ बजे और 10 फरवरी को करीब डेढ़ बजे किसी कंप्यूटर से प्रश्न पत्र को डाउनलोड किया गया। यह कंप्यूटर पीइबी का नहीं था। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर यह परीक्षाएं निरस्त करने का फैसला लिया गया। यह जानने के लिए कि किस कंप्यूटर से प्रश्न पत्र डाउनलोड किया गया, आगे की जांच साइबर पुलिस को सौंपा जा रहा है।

इस जांच में पूर्व में घोषित पशुपालन विभाग की डीएएचइटी व पीवीएफटी, कृषि विभाग की पीएटी व ग्रुप-3 की सब इंजीनियर भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी नहीं पाई गई। इस मामले के बाद पीइबी ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2020-21 में आयोजित सभी भर्ती परीक्षाओं की इसी प्रकार जांच की जाएगी, भले ही इसकी शिकायत नहीं हुई हो। बताया गया कि इस जांच में अघोषित प्री-नर्सिंग, एएनएम, जेल प्रहरी, ग्रुप-5 पैरामेडिकल सेवाओं (24 प्रकार के पद) की भर्ती में गड़बड़ी नहीं मिली। इनके परिणाम सात व 10 अप्रैल और 12 मई को घोषित किए गए थे।

### सीबीआइ जांच की जरूरत नहीं

मीडिया से चर्चा के दौरान डा. मिश्रा से पूछा गया था कि व्यापम घोटाले की जांच सीबीआइ कर रही है तो यह जांच भी सीबीआइ को क्यों नहीं जाती। इस पर उन्होंने कहा कि जांच में पीइबी के किसी अधिकारी की संलिप्तता नहीं मिली है, इसलिए जांच सीबीआइ को नहीं सौंपी जा रही है। परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी को आगे के लिए प्रतिबंधित किया गया है। ऑनलाइन परीक्षा में दुर्स्पयोग के उदाहरण मिलते रहते हैं। भारतीय सेना की भर्ती परीक्षा फरवरी 2021, असम की पुलिस भर्ती सितंबर 20, हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन की परीक्षा जनवरी 21, कर्नाटक पब्लिक सर्विस कमीशन की जनवरी 2021 और राजस्थान सिलेक्शन बोर्ड की परीक्षा जनवरी 2020 में इन्हीं कारणों से निरस्त करनी पड़ी थी। मालूम हो, परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी एम/एस एनएसइआइटी लिमिटेड दिल्ली, तमिलनाडु, ओडिशा, बंगाल, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं गुजरात जैसे राज्यों में विभिन्न् परीक्षाएं आयोजित कर चुकी है।

### गड़बड़ी रोकने के लिए की व्यवस्था

भविष्य में पुन: इस प्रकार की कोई अनधिकृत गतिविधि ऑनलाइन परीक्षा संचालन में न हो, इसके लिए पीइबी ने नई आंतरिक व्यवस्था की है। साथ ही प्रत्येक परीक्षा के पश्चात उसकी पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं परिणाम डाटा की आंतरिक जांच के लिए भी नई प्रक्रिया सुनिश्चित की है।

### कमल नाथ ने की सीबीआइ जांच की मांग

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने ट्वीट किया कि इन परीक्षाओं को लेकर पहले दिन से ही फर्जीवाड़े की शिकायतें सामने आ रही थीं। मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले को तत्काल सीबीआइ को सौंपा जाए, क्योंकि इन परीक्षाओं से हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य जुड़ा हुआ था। इन परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है।



# भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस तीन दिन निरस्त, भोपाल-हावड़ा बदले मार्ग से चलेगी

भोपाल । भोपाल से सिंगरौली के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस 28 अगस्त से अलग-अलग तारीखों में तीन दिन तक निरस्त रहेगी। भोपाल-हावड़ा स्पेशल एक्सप्रेस बदले मार्ग से चलेगी। रेलवे ने यह निर्णय जबलपुर रेल मंडल के कटनी-सिंगरौली रेलखंड के मझौली-देवराग्राम स्टेशनों के बीच दोहरीकरण के काम के चलते लिया है। वहीं भोपाल व संत हिरदाराम नगर स्टेशन से गुजरने वाली दो ट्रेनों के चलने की अवधि बढ़ा दी है।

### यह ट्रेन निरस्त रहेगी

ट्रेन 02365 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस स्पेशल 28 अगस्त, एक व चार सितंबर को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। ट्रेन 02366 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस स्पेशल 31 अगस्त, दो और सात सितंबर को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

### ये ट्रेनें बदले मार्ग से चलेगी

- 30 अगस्त व छह सितंबर को ट्रेन 03025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस स्पेशल, 28 अगस्त व चार सितंबर को ट्रेन 09414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस स्पेशल, दो सितंबर को ट्रेन 09607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस स्पेशल बदले हुए मार्ग धनबाद-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर-कटनी मुड़वारा होकर चलेगी। एक व आठ सितंबर को ट्रेन 03026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस स्पेशल, एक सितंबर को ट्रेन 09413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस स्पेशल, 30 अगस्त व छह सितंबर को ट्रेन 09608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस स्पेशल बदले मार्ग कटनी मुड़वारा-मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-धनबाद होकर चलेगी।

इन ट्रेनों के चलने की अवधि बढ़ाई

- ट्रेनल 02521 बरौनी-एर्नाकुलम एक्सप्रेस स्पेशल 30 अगस्त से व ट्रेन 02522 एर्नाकुलम-बरौनी एक्सप्रेस स्पेशल तीन सितंबर से अगले आदेश तक चलती रहेगी। यह ट्रेन भोपाल स्टेशन से होकर गुजरती है।
- ट्रेन 05559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस स्पेशल व ट्रेन 05560 अहमदाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस स्पेशल अगले आदेश तक चलती रहेगी। यह ट्रेन संत हिरदाराम स्टेशन से होकर गुजरती है।

# हबीबगंज स्टेशन पर लगाए बहु उपयोगी वॉटर बूथ



भोपाल । हबीबगंज रेलवे स्टेशन पर बहु उपयोगी वॉटर बूथ लगा दिए हैं। इनकी संख्या एक प्लेटफार्म पर दो से चार है। ये स्टील के बूथ है जो काफी आकर्षक हैं। एक ही बूथ में पीने का पानी और हाथ साफ करने के लिए अलग-अलग टोटियां लगी हैं।केवल दो बाई दो फीट की जगह में इन्हें लगा दिया गया है। ये चालू भी कर दिए गए हैं। यात्री इनका उपयोग करने लगे हैं। पूर्व में पानी के लिए प्लेटफार्मों पर अधिक जगह घेरी जाती थी। जिसमें एक अलग से प्लेटफार्म होता था और उस पर पानी की टंकियां रखी जाते थी। इसके कारण आम यात्रियों के लिए मुख्य प्लेटफार्म पर जगह कम पड़ती थी और भीड़भाड़ के समय परेशान होना पड़ता था। बता दें कि यह स्टेशन विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले स्टेशन में शामिल होने जा रहा है। इसे निजी भागीदारी से विकसित किया है। काम पूरा हो गया है। जल्द ही लोकार्पण होने वाला है। इसमें यात्रियों को एस्केलेटर, लिफ्ट, ट्रेवलेटर, बैटरी चलित कार की सुविधा मिलेगी। स्टेशन से बाहर निकलने के लिए आधुनिक अंडर ग्राउंड सब—वे है। ट्रेनों से सफर शुरू करने वाले यात्रियों के लिए हवा में एयर कॉन्कोर बनाया है जो रेलवे ट्रैक के उपर बना है। इस पर नौ सौ यात्री एक साथ ठहर सकते हैं। यह सभी प्लेटफार्मों से जुड़ा है। इस पर बड़े आकार की एलईडी टीवी स्क्रीन लगी हैं। बड़े आकार के पंखे हैं। यह दोनों तरफ मुख्य भवनों से जुड़ा है। सुरक्षा के लिए आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पूरा निर्माण ग्रीन बिल्डिंग योजना के तहत किया है। यह मप्र का पहला स्टेशन है जिसमें ट्रेनों से सफर शुरू करने और दूसरे शहरों से ट्रेनों के जरिए हबीबगंज पहुंचने वाले यात्रियों के स्टेशन में प्रवेश करने और बाहर निकनले के लिए अलग—अलग व्यवस्था है। दोनों ही तरफ पार्किंग को विकसित किया जा रहा है। अगले दो साल में स्टेशन परिसर में अस्पताल, सिनेमा हाल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की सुविधा भी मिलेगी। यह स्टेशन मेट्रो से सीधे जुड़ेगा।

# चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के चुनाव स्थगित होने से उम्मीदवारों ने जताई नाराजगी

भोपाल । राजधानी में 29 अगस्त रविवार को भोपाल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के चुनाव होने थे, जिसे गुरुवार को जिला प्रशासन ने स्थगित कर दिया। इससे अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष सहित नौ पदाधिकारियों के 15 कार्यकारिणी के पदों पर दावेदारी जता रहे 55 उम्मीदवारों में नाराजगी है। प्रगतिशील पैनल से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तेजकुल पाल सिंह पाली, महामंत्री पद के उम्मीदवार रामबाबू शर्मा सहित अन्य उम्मीदवारों ने कलेक्टर अविनाश लवानिया से मुलाकात कर चुनाव स्थगित होने पर रोष व्यक्त किया। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार तेजकुल पाल सिंह पाली ने बताया कि कलेक्टर लवानिया के सामने बात रखी गई है। अब तक चुनाव प्रचार में खर्च हुए रुपये और प्रचार-प्रसार करने के लिए बाजारों में जाकर की गई मेहनत के बारे में बताया। कलेक्टर ने 31 तक चुनाव कराने का आश्वासन दिया है। वहीं सद्भावना पैनल से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आलेक जैन पंचरत्न ने जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया के नाम से कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर से स्थगित किए गए चुनावों को फिर से कराने की मांग की है। साथ ही कोरोना गाइडलाइन का पालन करने का हवाला दिया है। सद्भावना पैनल से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार आलोक जैन पंचरत्न ने बताया कि बीते 15 दिनों से चुनाव में प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। बैनर, पंफ्लेट छपवा लिए। व्यापारियों के पास जाकर इतनी मेहनत कर रहे हैं। अचानक चुनाव स्थगित करने से झटका लगा है। वहीं परिवर्तन पैनल से महामंत्री पद के उम्मीदवार आदित्य जैन मान्यां ने बताया चुनाव अधिकारी ने 29 अगस्त को चुनाव कराने की घोषणा की तब कोरोना का नियमों का पालन करते हुए चुनाव कराने की अनुमति क्यों नहीं ली गई। इसमें चुनाव अधिकारी भी थोड़ी गलती है। अब जब प्रत्याशी मैदान में उतर कर पूरी ताकत चुनाव प्रचार में झोंक चुके हैं तब तब जाकर एसडीएम ने चुनाव स्थगित क्यों कर दिए। यह सबसे बड़ा सवाल है।

# प्री- मैच्योर बच्चों की आंखों की तत्काल जांच कराना जरूरी, सेवा सदन ने शिविर लगाया

। प्री-मैच्योर यानि समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों की आंखें, खासतौर पर रेटिना पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पातीं। ऐसे शिशुओं के आंखों की जांच जन्म से 30 दिन के अंदर रेटिना विशेषज्ञ से करा लेनी चाहिए। समय पर उपचार नहीं मिलने पर बच्चों को जीवन भर दृष्टिदोष का सामना करना पड़ सकता है।आमतौर पर अभिभावक समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान नहीं दे पातें बाद में बच्चों को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं। सेवा सदन के ट्रस्टी सुरेश आवतारामानी के अनुसार यह एक गंभीर मामला है। ऐसे मामलों के लिए विशेष शिविर भी कम ही लगते हैं। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय ट्रस्ट ने सीहोर जिला अस्पताल में ऐसे बच्चों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर में 14 शिशुओं की जांच की गई। शिविर में वरिष्ठ रेटिना विशेषज्ञ अजयसिंह नरवरिया एवं संतोष मेहर ने अपनी सेवाएं दीं।

### अब हर तीन माह में लगेंगे शिविर

सेवा सदन ट्रस्ट ने अब हर तीन माह में ऐसे शिविर लगाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि सेवा सदन में रेटिना उपचार रेटकेम कैमरा और लेजर की मदद से किया जा रहा है। सेवा सदन की ओर से बुजुर्गों के लिए मोतियाबिंद आपरेशन शिविरों का आयोजन भी किया जाता है। सेवा सदन अस्पताल की स्थापना मानव सेवा के प्रतीक संत हिरदारामजी के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से की गई थी। वर्तमान में संत सिद्धभाऊ के सान्निध्य में बड़ी संख्या में सेवादार नेत्र रोगियों की सेवा में जुटे हैं। नेत्र शिविरों में मरीजों को दवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

# पत्नी पर चरित्र संदेह के कारण पति ने सिल दिया प्राइवेट पार्ट

**सिंगरौली।** जिले में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। माडा थाना क्षेत्र के बंधौरा चौकी में पति ने अपनी पत्नी पर चरित्र संदेह को लेकर उसके प्राइवेट पार्ट को सुई धागे से सिल दिया। मामले की शिकायत महिला ने थाने में दर्ज कराई है। पति को शिकायत थी कि उसके किसी अन्य से नाजायज संबंध हैं।मामले में प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं समीपी सरकारी अस्पताल में महिला को उपचार के लिए भेजा। फिलहाल, पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस से महिला ने पति पर कड़ी कार्रवाई न कर सिर्फ डांटकर छोड़ देने का निवेदन भी किया है। पत्नी पर चरित्र संदेह को लेकर पति ने घ्रणित अपराध किया है। महिला की शिकायत के बाद उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर मामले की जांच की जा रही है। महिला की हालत अब ठीक बताई गई है।

### आरोपी पति पुलिस हिरासत में

# 150 विलुप्तप्राय प्रजाति के पौधों से घर में बना दिया मिनी जंगल

**भोपाल,** । राजधानी भोपाल में रहने वाली एक पर्यावरण-प्रेमी युवती ने अपने घर को मिनी जंगल बनाया है। उन्होंने अपने आवास परिसर के सा? आठ सौ स्केवयर फिट में चार हजार से ज्यादा प्रजाति के पेड़-पौधों को लगाया है। ये युवती हैं प्रोफेसर साक्षी भारद्वाज, जिनकी इसी खूबी के चलते उनका नाम ओमएजी बुक ऑफ रिकार्ड ने राष्ट्रीय रिकार्ड के रूप में दर्ज किया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को जब इस पहल के बारे में पता चला तो उन्होंने भी ट्वीट करते हुए प्रोफेसर साक्षी भारद्वाज की तारीफ की और उनके इस प्रयास को अभिनंदनीय बताया। साथ ही उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों से हरियाली बढ़ाने हेतु योगदान देने की अपील की। प्रो. साक्षी भारद्वाज जी आपका यह प्रयास अभिनंदनीय है!

पौधों को लगाने और उनकी देखभाल का सुख वही समझ सकता है,जो स्वयं इस कार्य को करता है। मैं तो प्रदेश के हर नागरिक से यही आग्रह करूंगा कि आपको भी जहां उचित स्थान मिले,छोटी ही सही; शुरुआत कीजिये, सुखद अनुभूति होगी।



साक्षी भारद्वाज के घर जाएंगे तो देखकर चौंक जाएंगे कि यह घर या जंगल है। जब घर ही जंगल जैसे लग रहा है तो फिर इसका नाम भी साक्षी ने कुछ ऐसा ही रखा है जैसा आप सोच रहे होंगे। जी हां, उन्होंने अपने गार्डन को नाम दिया है- जंगलवास। इस जंगलवास में लगभग चार हजार पे?-पौधे घर के बाहर और कुछ तो घर के अंदर भी लगे हुए हैं। साक्षी इनकी देखभाल बहुत अच्छी तरह से करती हैं। वे कहती हैं कि पेड़-पौधों में भी जान होती है और ये स्पर्श को भलीभांति समझते है। साक्षी कहती हैं कि इनकी साफ-सफाई, कांट-छांट में प्रेम और स्नेह के भाव का होना बहुत जरूरी है। यदि कोई इन बातों का ध्यान नहीं रखता है, तो पेड़-पौधे उस तरह से नहीं बढ़ पाते, जैसे बढ़ना चाहिए या फिर वे सूख जाते हैं।

### आठ हजार रुपये का एक पौधा, विदेशों से भी मंगवाए

साक्षी ने बताया कि उनके पास इन पेड़-पौधों में से 150 प्रजाति के वे पेड़-पौधे हैं जो या तो विलुप्त हो चुके हैं या विलुप्त होने की कगार पर हैं। विश्व के सबसे बड़े जंगल अमेजन से लेकर फ्लोरिडा, इंडोनेशिया, थाईलैंड, फिलीपिंस आदि कई देशों से मंगाए इन पौधों को साक्षी ने अपने घर में बच्चों की तरह सहेजकर रखा है। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि इनमें से एक विशेष पौधा आठ हजार रुपये का है। साक्षी ने बताया कि वैरीगेटेड मोस्टेरा डेलीगोसिया अमेजन रेड फारेस्ट में पाया जाता है। इसकी खासियत ये है कि इसमें सबसे ज्यादा आक्सीजन होती है। ये एक बेल टाइप क्रीपर है, जो आक्सीजन के लिहाज से बहुत लाभदायी है। यदि हम भारत की बात करें तो देशभर के विभिन्न् प्रजाति के पेड़-पौधे साक्षी के पास हैं।

# पाकिस्तान की जेल में कैद सागर का बंदी 20 साल बाद होगा रिहा

**यशभारत,सागर।** पाकिस्तान जेल में कैद भुगत रहा सागर जिले का निवासी प्रह्लाद करीब 20 साल बाद जल्दी ही जेल से रिहा होगा। जिले के गौरझामर अंतर्गत खामखेड़ा ग्राम का प्रह्लाद पाकिस्तान की जेल में बंदी रहकर सजा काट रहा है। सागर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह की पहल पर उक्त बंदी को पाकिस्तान की जेल से रिहा कर जल्दी ही भारत लाकर सागर लाए जाने की कार्यवाही की जा रही है उक्त बंदी को रिहा किए जाने के संबंध में सागर एसपी अतुल सिंह ने यशभारत के संभागीय ब्यूरो को बताया कि सागर जिले के थाना गौरझामर अंतर्गत घोसी पट्टी निवासी प्रहलाद सिंह राजपूत पिता फुंदीलाल राजपूत वर्ष 1993- 94 में बिना बताए कहीं चला गया था। पाकिस्तान सरकार की ओर से मिली जानकारी के आधार पर मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग ने 20 जनवरी 2014 को इस संबंध में जिला पुलिस सागर को पत्र भेजकर उसके पाकिस्तान जेल में बंद होने के संबंध में सूचित किया था 02 दिसंबर 14 को समाचार पत्रों में भी उसके पाकिस्तान में बंद होने की जानकारी प्रकाशित हुई थी। जिसके बाद से सागर पुलिस द्वारा लगातार पत्राचार किया जा रहा है। एसपी अतुल सिंह की ओर से जिला पुलिस सागर द्वारा पिछली 27 जुलाई को अंडर सेक्रेट्री पाकिस्तान से पत्राचार कर बंदी प्रहलाद के समस्त दस्तावेज फोटोग्राफ, दाखिला पंजी संलग्न कर भेजे गए थे भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार पाकिस्तान की जेल में बंद प्रहलाद राजपूत को 30 अगस्त को वाघा - अटारी बॉर्डर से भारत सरकार को सौंपा जाएगा जिसके पश्चात उसे सागर लाया जाएगा।

# पन्ना में चमकी किसान की किस्मत

**6.47 कैरेट का उज्वल किस्म का हीरा मिला, 2 साल से 4 साथियों के साथ कर रहे थे खुदाई**

**पन्ना।** हीरा नगरी पन्ना में कब किसकी किस्मत चमक जाए, कहा नहीं जा सकता। कई ऐसे मजदूर और किसान हैं, जिनकी किस्मत रातोंरात बदल गई। ऐसा ही मामला शुक्रवार को भी सामने आया। जरुआपुर एक किसान को खुदाई में 6.47 कैरेट का हीरा मिला है। इसकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है। इस पर किसान ने कहा, उसे भोलेनाथ की कृपा से इतना ब?ा हीरा मिला है। किसान प्रकाश मजूमदार ने बताया, हम 5 लोग पार्टनर हैं। दो साल से खदान में खुदाई कर रहे थे। शुक्रवार को खुदाई के दौरान चमचमाता हीरा बाहर निकला। उसे उठाकर हीरा कार्यालय लेकर पहुंचे। इस हीरे की नीलामी में जो भी रुपए मिलेंगे, उसे सभी मिलकर बांट लेंगे। इन रुपयों को अपने बच्चों के भविष्य में खर्च करेंगे।

मजूमदार का कहना है, उसे पहले भी एक 7.44 कैरेट और दो 2.50 कैरेट के हीरे मिल चुके हैं। प्रभारी हीरा अधिकारी नूतन जैन ने बताया, मजूमदार निवासी जरुआपुर के खेत से 6.47 कैरेट का उज्ज्वल किसम का हीरा निकला है। इसकी कीमत शासकीय दर से निर्धारित की जाएगी। इस हीरे को आने वाली नीलामी में रखा ।

# ऑक्सीजन,दवाओं की पूरी रात जागकर जानकारी लेते थे मुख्यमंत्री





**कटनी।** कोरोना के दूसरे चरण में जिस तरह से लहर आई थी, वह समय किसी त्रासदी से कम नहीं था। लाखों परिवारों के लोग बीमारी में अपनो से बिछड़ गए। मुक्तिधाम में जगह नहीं मिली और लोग अपनों का अपने हाथ से अंतिम संस्कार तक नहीं कर पाए। ऐसे समय में देश के प्रधानमंत्री ने समय रहते लॉक डाउन लगाकर व्यवस्थाएं कीं तो प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी दिनरात लगे रहे। रात-रातभर जागकर मुख्यमंत्री ऑक्सीजन टेंकर व दवाओं की खेप कहां तक पहुंची, इसकी जानकारी लेते रहते थे। उसका नतीजा है कि हम दूसरी लहर से उबर पाए। यह बात जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने स्लीमनाबाद प्राथमिक स्कूल में बनाए

### स्लीमनाबाद टीकाकरण केन्द्र में प्रभारी मंत्री ने किया लोगों से संवाद, निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

टीकाकरण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने लोगों से संवाद किया और कहा कि वैसी त्रासदी फिर न आए इसके लिए जिम्मेदारी पूर्वक सभी वैक्सीन के दोनों डोज अवश्य लें। इस दौरान विधायक प्रणय पांडेय, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी सहित अन्य जन मौजूद थे। प्रभारी मंत्री ने बहोरीबंद तहसील मुख्यालय में कन्या शाला परिसर में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पर टीका लगवाने आए लोगों से संवाद किया। प्रथम डोज लगवाने आए लोगों से दूसरा डोज अनिवार्य रूप से लगवाने और दोनों डोज लगवा चुके लोगों से अपने परिवार व आसपास के लोगों को प्रेरित करने का आग्रह किया।

### उमरियापान, ढीमरखेड़ा केन्द्र पहुंचे प्रभारी मंत्री

भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के उमरियापान पहुंचे। जहां पर सरस्वती स्कूल परिसर में बनाए गए टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही टीकाकरण के लक्ष्य को लेकर जानकारी ली। उन्होंने यहां पर भी लोगों से संवाद कर दोनों डोज लगवाने का आग्रह किया। उमरियापान के बाद प्रभारी मंत्री ने ढीमरखेड़ा तहसील मुख्यालय में शासकीय माध्यमिक शाला में बनाए गए केन्द्र का भी निरीक्षण कर लोगों से संवाद किया।



## जब तक पूर्ण टीकाकरण न हो तब तक जारी रखें सेवाकार्य

### झूलेलाल सेवा मंडल के उत्कृष्ट कार्यों की प्रभारी मंत्री ने की सराहना

**कटनी।** देश के प्रधानमंत्री ने कोरोना का दर्द समझा और पूरे देश में निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराई। हम उनका आभार मानते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी पूरे प्रदेश की जनता की ओर से में आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण ही सबसे मजबूत कवच है, इस बात को लेकर पूरा अमला इसी काम में लगा दिया है ताकि हर व्यक्ति कोविड से सुरक्षित हो जाए। माधवनगर में झूलेलाल सेवा मंडल द्वारा संचालित वैक्सीनेशन सेंटर में लोगों से संवाद के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने यह बात कही। मंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दो दिन का अभियान इसलिए चलाया है कि हर व्यक्ति को पहला व दूसरा डोज वैक्सीन का लग जाए और सेवा मंडल ने संकट के समय में जो सेवा भाव का कार्य प्रारंभ किया है, यह तब तक चलता रहे जब तक पूर्ण टीकाकरण न हो जाए। प्रभारी मंत्री ने सेवा मंडल के कार्यों की सराहना की और सदस्यों का आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल ने भी उपस्थित लोगों से कोरोना के बचाव के लिए वैक्सीन अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की। श्री जायसवाल ने नागरिकों से अपील करते हुये कहा सभी अपने आसपास के लोगों को भी टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने भगवान झूलेलाल का पूजन कर माल्यार्पण भी किया।



## सचिवों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**विजयराघवगढ़।** मप्र संविदा रोजगार सहायक संगठन जिला शाखा के पदाधिकारियों ने संगठन के जिलाध्यक्ष शिव मोहन सिंह एवं ब्लॉक अध्यक्ष विकास मिश्रा के नेतृत्व में जिले के प्रभारी एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात की एवं अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक की भी मौजूदगी रही। प्रभारी मंत्री ने नियमितीकरण एवं हड़ताल काल में हुई कार्यवाही के संबंध में चर्चा की एवं बहाली हेतु अनुरोध किया गया।

## महाअभियान नहीं ये महायज्ञ, टीकाकरण महायज्ञ की आहूति

### बाकल में टीकाकरण केन्द्र का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण, हायर सेकंडरी भवन निर्माण की दी स्वीकृति



**कटनी।** कोरोना काल आप सभी ने देखा हैए कि कितने लोग हमें छोड़कर चले गएए कितने बच्चे बेहसहारा हो गए। सरकार, प्रशासन, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी संस्थाएं संकट की घड़ी में भी सेवा में जुटी रहीं और आज भी जुटी हैं। भगवान न करे की कोरोना की तीसरी लहर आए और ये तभी संभव है, जब हम वैक्सीन के दोनों डोज लगवाएंगे। यह दो दिन का महाअभियान नहीं है, महायज्ञ है और इसमें टीकाकरण आहुति है। बहोरीबंद तहसील के बाकल टीकाकरण केन्द्र में लोगों से संवाद के दौरान यह बात प्रदेश सरकार के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि इस महामारी से बचने का एकमात्र ही उपाय है, वह वैक्सीनेशन है। प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने बाकल क्षेत्र के युवाओं से आव्हान किया कि वे घर-घर जाएं और जो भी टीकाकरण से वंचित हैं, उनको वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। इससे पहले बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय ने प्रभारी मंत्री के सामने केन्द्र परिसर में ही हायर सेकेंडरी भवन के निर्माण की मांग जनता की ओर से रखी। जिस पर प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने भवन निर्माण की स्वीकृति की घोषणा की। बाकल में प्रभारी मंत्री श्री देवड़ा ने ने विधायक श्री पाण्डेय के साथ टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण का व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने वेक्सीनेशन सेन्टर में टीका लगवाने आए लोगों से दूसरे डोज अवश्य लगवाने का आग्रह किया।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का प्रचार प्रसार



**कटनी।** मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पी.एम. स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से संवाद एवं लाभ वितरण किया जावेगा। मुख्यमंत्री के आज और कल खंडवा अमदरा तथा बालाघाट में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से संवाद कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए निगम के वाहनों के माध्यम से आज नगर के विभिन्न स्थलों मुख्य मार्गो चौराहों मिशन चौक से बरगवां, माधवनगर गेट, कलेक्ट्रेट कार्यालय, झिझरी पुलिस लाईन, संपूर्ण माधवनगर क्षेत्र, रंगनाथ नगर क्षेत्र, चांडक चौक से बस स्टेण्ड पन्ना मोड, गर्ग चौराहा, घंटाघर , सिल्वर टॉकीज रोड, सुभाष चौक सहित नगर के अन्य क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में मुनादी कराई जाकर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखनें व सुननें एवं हितग्राहियों से कार्यक्रम स्थल में पहुंचनें की अपील की गई।



## किसान संघ की कटनी एवं बहोरीबंद इकाइयां गठित

**कटनी।** भारतीय किसान संघ कटनी तहसील बहोरीबंद की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष बिहारी लाल निगम एवं प्रांत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का सानिध्य सभी किसानों को मिला एवं प्रांतीय संगठन मंत्री भरत एवं विशेष रूप से कंछेदी सिंह पटेल को बहोरीबंद तहसील का तहसील अध्यक्ष का दायित्व दिया गया।

नरेश पटेल, गुलाब सिंह, सुरेन्द्र , डॉ. गंगाराम, प्रकाश पुरी, रामकिशोर बढ़ई, तुलसीराम, संदीप साहू, भागीरथ, लटोरीलाल, तुलसीराम, नर्बद, हेमंत एवं धवेन्द्र सिंह को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया। प्रकाश पुरी एवं रामकिशोर बढ़ई को तहसील उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया। तहसील के पूर्व तहसील अध्यक्ष रामकृपाल एवं सभी किसान भाईयों की उपस्थिति रही।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-
साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

## सफाई को सुचारू रखने जुटा निगम का सफाई अमला





**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था हेतु अनवरत प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सहित निगम के स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा रोजाना नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया जाकर व्यवस्था को सुचारू रखनें हेतु स्वच्छता मित्रों को दिशा निर्देश प्रदान किये जा रहे है। प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के विभिन्न मुख्य स्थलों इंदिरा नगर बस्ती, पुरैनी बस्ती एवं पुलिस क्वार्टर के समाने सफाई कार्य, बस स्टेण्ड परिसर, ऑडिटोरिय परिसर, नदीपार स्थित रविदास चौरहा के पास डिवाईडरों की सफाई, राधिका होटल मुख्य मार्ग, नदीपार स्थित मुक्तीधाम परिसर, मसुरहा वार्ड स्थित स्वर्णकार स्कूल गली, जालपा वार्ड स्थित चांडक चौक से शेर चौक शनि मंदिर मुख्य मार्ग, लक्ष्मी भवन रोड सहित सामुदायिक भवन की धुलाई एवं सफाई, घंटाघर, मिशन चौक, बरगवां स्थित ओव्हर ब्रिज के नीचे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित गायत्री मंदिर के पीछे की सफाई का कार्य, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित एम.जी.एम हास्पिटल मार्ग, फूल मंडी आचार्य विनोवा भावे वार्ड के विभिन्न स्थलों, शिवाजी वार्ड स्थित मस्जिद के पास एवं शमशान भूमि परिसर की सफाई, कावस जी वार्ड स्थित भीमराव चौक से विवेकानंद चौक मुख्य मार्ग तथा शमशान भूमि रोड शमशान परिसर एवं चौक के पीछे वाली रोड, फारेस्टर वार्ड दुर्गा मंदिर रोड, उपनगरीय क्षेत्र स्थित आत्माराम धर्मशाला के पास, शांतिनगर स्थित झूलेलाल मंदिर के आसपास, सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया। नगर के विभिन्न स्थलों की नालियों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए चन्द्र शेखर आजाद वार्ड स्थित छैघरा बस्ती की नालियों, जालपा देवी वार्ड स्थित आदर्श कॉलोनी की नालियों, जगमोहन दास वार्ड स्थित वरूण भवन के पास नालियों की सफाई, रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित प्रेम नगर बस्ती, कावस जी वार्ड शमशान भूमि के सामनें वाले नाले की सफाई, अंबेडकर वार्ड स्थित गायत्रीनगर मार्ग, फारेस्टर वार्ड स्थित राममिलन के घर के आसपास के नाले एवं पार्षद महोदय के घर के पास की नालियों की सफाई, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मुख्य मार्ग के बडे नाले, माधवनगर स्थित राय कॉलोनी में नालियों की सफाई एवं खरपतवार की कटाई का कार्य कराया जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

# इंग्लैंड के खिलाफ चेतेश्वर पुजारा ने खेली तेज पारी



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का तीसरा मैच लीड्स में जारी है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के वक्त भारत ने 2 विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाए थे। इंग्लैंड ने पहली पारी में 432 रन बनाकर भारत पर 354 रन की बढ़त हासिल की थी। पहली पारी में भारतीय टीम महज 78 रन पर ही आलआउट हो गई थी। खराब फार्म से जूझ रहे चेतेश्वर पुजारा ने लीर्ड्स में मुश्किल में फंसे भारत के लिए अच्छी पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन भारत मैच बचाने के लिए उतरा। केएल राहुल जल्दी आउट हो गए लेकिन इसके बाद मैदान पर कदम रखने वाले पुजारा ने अपनी खोई फार्म हासिल की टीम के लिए दो अहम साझेदारी निभाई। पहले रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन जोड़े और फिर कप्तान विराट कोहली के साथ 99 रन की नाबाद साझेदारी कर वापस लौटे। रोहित ने तीसरे दिन के खेल के बाद पुजारा पर बात करते हुए कहा, चेतेश्वर पुजारा के फार्म को लेकर बातें सिर्फ बाहर ही की जा रही है, टीम के ड्रेसिंग रूम में इस पर कोई बात नहीं हुई। टीम में उनकी बल्लेबाजी को लेकर एक भी बार कोई बात नहीं की गई। हम सभी की यादास्त बहुत ही कमजोर होती है। हम सभी को इस बारे में सोचना चाहिए कि उन्होंने अब तक के इस साले सालों में क्या किया है। पुजारा ने मैच के तीसरे दिन 180 गेंद का सामना कर 91 रन बनाए और नाबाद लौटे। इस पारी में उन्होंने 15 चौके लगाए और 50.55 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। पुजारा इंग्लैंड की इस सीरीज के दौरान खेली गई पिछली पांच पारियों में रन बनाने में नाकाम रहे थे। पहली पारी में भी उनके बल्ले से सिर्फ 1 रन ही आया था। रोहित ने बताया कि यह पारी भारत मैच बचाने के लिए नहीं खेल रहा, भारत की पारी कभी भी मैच को बचाने के लिए नहीं थी, यह तो रन बनाने के इरादे से खेला जा रहा है। पुजारा भी रन बनाने का इरादा लेकर ही मैदान पर उतरे थे। पिछली कुछ पारियों में भले ही उनके बल्ले से रन ना आए हों लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि वह खराब बल्लेबाज हो गए और उनका क्लास चला गया। आज आप सभी ने देख लिया।



## रोहित शर्मा हुए आउट तो मैदान पर बल्ला लेकर हेल्मेट पहन पहुंचा शख्स

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच हेडिंग्ले में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जा रहा है। मेजबान टीम ने मैच में पकड़ मजबूत कर रखी है। तीसरे दिन पहली पारी में इंग्लैंड की टीम 432 रन बनाकर भारत पर पहली पारी के आधार पर 354 रन की बड़ी बढ़त हासिल की। भारत की दूसरी पारी के दौरान कुछ ऐसा देखने को मिला जो इससे पहले भी इस सीरीज में दिखा था। टीम इंडिया की जर्सी में जारवो एक बार फिर से मैदान के अंदर पहुंचने में कामयाब रहे। लीड्स टेस्ट में भारतीय ओपनर रोहित शर्मा के आउट होने के बाद कुछ ऐसा हुआ जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। एक शख्स टीम इंडिया की जर्सी पहने हाथ में बल्ला लिए पैड और हेल्मेट लगाकर बल्लेबाजी करने पहुंचा। भारत की तीसरा विकेट गिरने के बाद उसने मैदान पर एंट्री मारी और किसी को इस बात का पता नहीं चला। क्रीज पर जाकर बल्लेबाजी के लिए तैयार हो रहे इस शख्स को अंपायर ने देखा और तब गार्ड उसे जबरदस्ती पकड़कर मैदान से बाहर ले गए।



जब उसे मैदान से बाहर ले जाने लगे तो वह टी शर्ट पर बना बीसीसीआइ का लोगो दिखा कर खुद को टीम का सदस्य बता रहा था।

### सचिन ने भी शेयर की तस्वीर

लीड्स टेस्ट में मैदान के अंदर बल्लेबाजी करने पहुंचे जावरो की तस्वीर मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने भी शेयर की है। उनके ट्विटर पेज 100 एमबी पर जावरो को पकड़कर मैदान से बाहर ले जाते हुए गार्ड की तस्वीर है। इस तस्वीर के साथ लिखा था क्या हम अब इसके बाद गेंदबाज जावरो को देखने वाले हैं।

### लार्ड्स टेस्ट में भी मैदान में घुसा था जारवो

~~लॉर्ड्स टेस्ट में भी मैदान में घुसा था जारवो। जी हां इस~~ शख्स का नाम जवरो है जो टीम इंडिया की 69 नंबर की जर्सी को पहनकर मैच देखने आता है। लार्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल में भी यह शख्स मैदान के अंदर पहुंचने में कामयाब रहा था। वह फील्डिंग के दौरान मोहम्मद सिराज और जडेजा के पास जा पहुंचा था। गार्ड



## श्रद्धा की शादी



नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर फैंस के बीच हमेशा से ही अपनी क्यूटनेस के लिए पसंद की जाती हैं। उनकी एक मुस्कान पर करोड़ों फैंस अपना दिल हार बैठते हैं। श्रद्धा ने अपने एक्टिंग करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। वह अपनी प्रोफेशनल लाइफ से कहीं ज्यादा अपनी पर्सनल और लव लाइफ को लेकर चर्चे में हैं। खबरों की मानें तो श्रद्धा पिछले काफी वक्त से रोहन श्रेष्ठ को डेट कर रही हैं। वहीं दोनों को कई मौकों पर एक साथ देखा भी गया है। लेकिन एक दूसरे को डेट करने की खबरों को लेकर कभी भी श्रद्धा और रोहन ने खुलकर बात नहीं की। कई बार तो उनकी शादी तक की खबरें खूब चर्चा में रहीं। शादी की खबरों के बीच अब श्रद्धा कपूर की शादी के जोड़े में तस्वीरें वायरल हो रही हैं। श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों में वह दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। उन्होंने हाल ही में फाल्गुनी शाने पीकॉक इंडिया के लिए फोटोशूट कराया है। इस फोटोशूट में श्रद्धा ने उनके डिजाइन किए कई ब्राइडल लहंगे पहने हैं। आप तस्वीर में देख सकते हैं कि श्रद्धा ने प्योर रेड कलर का बेहद ही खूबसूरत लहंगा पहना हुआ है। इस लइंगे में वह वाकई बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। उनकी इस फोटो को देखकर फैंस काफी खुश नजर आ रहे हैं। वहीं कमेंट कर लगातार फैंस उनके लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। आपको बता दें कि हाल ही में श्रद्धा की मौसी और एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरे और उनके बेटे प्रियांक शर्मा ने एक्ट्रेस की शादी को लेकर अपनी बात रखी थी। इंडिया डॉट कॉम से बातचीत के दौरान जब श्रद्धा के कजिन प्रियांक से उनकी शादी शादी को लेकर पूछा गया तब उन्होंने कहा, %मैं कोई कमेंट नहीं करूंगा। मैं क्या बोलूं यार लेकिन हां आप यह कह रहे हैं कि क्या आप उत्साहित हैं, जी हां मैं भी शादी को लेकर उत्साहित हूं। क्यों नहीं होना चाहिए।% वहीं पद्मिनी कोल्हापुरी ने कहा, %शादी, वाह! क्या अनोखा प्रश्न है अगर ऐसा होगा तो खबर मिल जाएगी।%

## करण जौहर पर भड़कीं दिव्या अग्रवाल

### बोलीं- तुम मानते हो कि बॉलीवुड के राजा हो...

नई दिल्ली। जीशान खान के घर से बाहर होने के बाद अब दिव्या अग्रवाल खुद को अनसेफ फील कर रही हैं। इसी बीच दिव्या ने खुद पर लगाए करण जौहर के आरोपों पर भी जवाब दिया है। दिव्या का कहना है कि बेमतलब के आरोप लगाए जो उन्होंने किए। पिछले वीकेंड का वार में करण ने दिव्या को उनके व्यवहार और खुद का नाम लेकर बातें करने को लेकर काफी नसीहतें दी थीं। इस बार फिर दिव्या ने करण जौहर का जिक्र किया और पिछले वीकेंड का वार एपिसोड में उनके द्वारा लगाए गए आरोपों पर सवाल उठाया। दिव्या ने कहा कि केजेओ के आरोपों के कारण वह घर में सफर कर रहीं हैं। %करण जौहर ने मेरे बारे में बोली हैं ऐसी बातें जिसी वजह से मुझे यहां पर सफर करना पड़ रहा है। फिर मैं क्यों न चिल्लाऊं क्यों न बोलू, कौन क्या बिगाड़ लेगा। मैं एक कलाकार हूं और काम करती रहूंगी, यहां नहीं तो कहीं और।शो में करण के बारे में बड़ा बयान देते हुए दिव्या ने आगे कहा, %तुम मानते हो कि तुम बॉलीवुड के राजा हो, तो तुम्हारे मुंह से निकला हुआ हर शब्द लोग सुनते हैं। तुम मेरे बारे में ऐसा कैसे बोल सकते हो। इसके अलावा, दिव्या ने यह भी कहा कि करण जौहर उस दृष्टिकोण को नहीं समझते हैं जो वह बताने की कोशिश कर रही है। इसके बाद वह आने वाले वीकेंड का वार एपिसोड में फिर से उसे कोसेंगे।वीकेंड के एपिसोड में करण ने दिव्या से कहा कि वह शो की कंटेस्टेंट हैं और वह होस्ट हैं, और उन्हें उस लाइन को बनाए रखना चाहिए। उसने उन पर जानबूझकर राकेश बापट और शमिता शेट्टी के बीच दरार पैदा करने का भी आरोप लगाया जिससे दिव्या काफी खफा हुईं थीं।दिव्या ने शो से निकाले जाने की संभावना के बारे में कहा। उसने कहा कि अगर उसे जरूरत पड़ी तो वह भविष्य के एपिसोड में खुद को करण के सामने दोहराएगी, लेकिन पीछे नहीं हटेगी।



## हिना खान ने शेयर कीं दिलकश तस्वीरें





नई दिल्ली। छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री हिना खान ने अब बॉलीवुड की ओर भी रुख कर लिया है। हिना खान अब फिल्मों में अपनी अदाकारी का जौहर दिखा रही हैं। इसी बीच सोशल मीडिया के ज़रिए भी वो कई तस्वीरें शेयर कर अपने फैंस को ट्रीट देती रहती हैं। अब हाल ही में हिना ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में हिना खान का दिलकश अंदाज़ देखते ही बन रहा है।हिना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी कई तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में हिना खान ने बिग बॉस में शिरकत की थी। इस दौरान हिना सफेद रंग की सीक्विन साड़ी में बेहद खूबसूरत नजर आई थीं। अब हिना ने इस दौरान की कई दिलकश तस्वीरें भी शेयर की हैं। जिनमें हिना की खूबसूरती देखते ही बन रही हैं।हिना खान ने ये तस्वीरें अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट के ज़रिए शेयर की हैं। ये तस्वीरें हिना खान के फोटोशूट के क्लोजअप शॉट्स हैं। जिनमें हिना गज़ब की खूबसूरत लग रही हैं। हिना खान की इन तस्वीरों को देखखर उनके फैंस के भी पसीने छूट रहे हैं। हिना के कई फैंस तस्वीरों पर कमेंट कर उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वहीं उनकी ये खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रही हैं।इन तस्वीरों में हिना खान के लुक की बात करें तो अभिनेत्री ने साड़ी पहनी हुई है लेकिन उसमें भी वो बेहद बोल्ड और हॉट नजर आ रही हैं। हिना खान ने गले में चोकर पहना हुआ है। इसके साथ उन्होंने मेकअप मिनिमल ही रखा है। सीक्विन की साड़ी के साथ सीक्विन का ब्लाउस पहनकर हिना खान पोज दे रही हैं। वहीं उन्होंने अपने बालों को भी खुला ही रखा है। हिना खान की इन तस्वीरों पर उनकी दोस्त और टेलीविजन अभिनेत्री टीना दत्ता दत्ता ने कमेंट करते हुए लिखा, तुम कितनी सुंदर हो।

# केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक ने की कांग्रेस की खिंचाई

# 25 साल से सांसद हूं ऐसा विपक्ष कभी नहीं देखा







**जबलपुर, यशभारत। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र खटीक जनआशीर्वाद यात्रा को लेकर जबलपुर पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि 25 साल से पार्लियामेंट का सदस्य हूं, इतने सालों में एक ऐसा विपक्ष नहीं देगा। विपक्ष अपनी जिम्मेदारियों को समझ नहीं आ रहा है। मुद्दों पर चर्चा करने के लिए सरकार ने कई बार आमंत्रण दिया लेकिन विपक्षी नेता किसी मुद्दे पर चर्चा ही नहीं करना चाहते हैं।**

केंद्रीय मंत्री मंहगाई के सवालों पर जवाब देने से बचते नजर आए। उनका कहना था कि मंहगाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है। जल्द ही लोगों को इससे राहत मिलेगी। इस अवसर पर सांसद राकेश सिंह भी मौजूद रहे।

## मंहगाई के सवालों को लेकर बचते नजर आए केंद्रीय मंत्री

### सदन की परंपरा को तोड़ा विपक्ष के नेताओं ने

केंद्रीय मंत्री श्री खटीक ने विपक्ष को घेरते हुए कहा कि सदन की परंपरा को तोड़ा गया है। वर्षाकाल के लोकसभा-राज्यसभा सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवनिर्वाचित मंत्रियों का परिचय कराना चाहा परंतु विपक्ष नेताओं ने हंगामा करते हुए सत्र का बहिष्कार किया। भाजपा सरकार ने 27 ओबीसी, 12 अनुसूचित, 8 अनुसूचित जनजाति 11 सांसद बहनों को मंत्री बनाया था जिसका परिचय विपक्ष के नेताओं से कराना चाह रहे थे लेकिन विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।

### विपक्ष ने सिर्फ अलोचनाएं की

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोविड काल में भाजपा सरकार ने लोगों की चिंता की। कोविड वैक्सीन का निर्माण देश कराने के लिए सरकार हरसंभव प्रयास किया और इसमें सफल भी हुए हैं। लेकिन विपक्ष ने महामारी के दौर में सिर्फ अलोचना करने का काम किया।

### 2047 का रोडमैप बनाया है भाजपा सरकार ने

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 का रोडमैप तैयार किया गया। 2047 में भारत 100 वीं वर्षगांठ मनाएगा। सरकार ने प्रधानमंत्री ने गतिशक्ति योजना बनाई है। इस योजना के तहत सड़क, रेलवे, उद्योगिकीकरण 16 हजार करोड़ का रोडमैप तैयार किया गया है। इस रोडमैप देश आत्मनिर्भर की तरफ बढ़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले हम हथियार बुलाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है पनडुब्बी और लडाकू विमान का निर्माण भी भारत में हो रहा है। कांग्रेस पार्टी में चल रहे विवाद को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह उनका आतंरिक मामला इससे भाजपा और सरकार को कोई लेना-देना नहीं है।

### जनआशीर्वाद को मिल रहा जनता का समर्थन

श्री खटीक ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि भाजपा सरकार की जनआशीर्वाद को जनता का समर्थन मिल रहा है। जनआशीर्वाद यात्रा जिन प्रदेश में निकाली गई है वहां उत्साहपूर्ण समर्थन लोगों का मिला है। आज शहर में जनआशीर्वाद यात्रा का जोरदार स्वागत हुआ। एम्पायर चौक, नर्मदा क्लब, यादगार चौक होते हुए प्रातः 11 बजे सदर केंट स्थित शहीद स्मारक में पुष्पांजलि अर्पित की इस बाद सदर में रजक समाज द्वारा सम्मान, किया गया। कटंगा तिराहा में शहीद भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण,होम साइंस कॉलेज के पास एब्लेम्पिक विजेता रजनीश अग्रवाल के निवास पर खिलाड़ियों से भेंट के बाद प्रेम मंदिर, गौ माता चौक, मानस भवन, गोलबाजार से दोपहर 12 बजे रानीताल स्थित भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की यहां उनका कार्यकर्ताओं द्वारा अभिनंदन, आयुर्वेदिक काढ़ा से तौलकर तुलादान किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष एस ठाकुर ,व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष पांडेय, सहित वरिष्ठ जन उपस्थित थे।आशीर्वाद यात्रा में भाजपा नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष तिवारी रानू, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, श्रीमती नंदनी मरावी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, पूर्व महापौर प्रभात साहू, स्वाति गोडबोले,डॉ जितेंद्र जामदार, राजकुमार पटेल, यात्रा प्रभारी संदीप जैन ,रविन्द्र पचौरी आदि शामिल थे।

**नर्मदा आरती में होंगे शामिल** केंद्रीय मंत्री शाम 7 बजे ग्वारीघाट में आयोजित मां नर्मदा की आरती और पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। फोटो : **अशोक बर्मन**

# शिक्षा विभाग के संभागीय कार्यालय से 3 कम्प्यूटर चोरी

## इतने बड़े दफ्तार में कहीं नहीं है सीसीटीव्ही कैमरे

**जबलपुर, यशभारत। संभागीय लोक शिक्षण संचालनालय जबलपुर कार्यालय से तीन कम्प्यूटर चोरी हो गए। इस घटना के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया। खास बात यह है कि संभाग के सबसे बड़े दफ्तर में कहीं पर भी कैमरे नहीं लगे है और ना ही सुरक्षा के अन्य इंतजाम है।**

बेलबाग एएसआई अरविंद तिवारी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त संचालक ने पत्र देकर थाने में शिकायत दी है कि कल जब कार्यालय खोला गया तो ऑफिस में रखे हुए तीन कम्प्यूटर, सीपीयू, टेबिल ग्लास आदि नहीं पाए गए। जिसकी जानकारी संबंधित चौकीदार से ली गई। चौकीदार ने सूचना दी कि आधी रात को मुख्य द्वार का ताला तोड़कर सामान चोरी किया गया है। शिकायती आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### चपरासी पहुंचा तो गेट का ताला टूटा हुआ मिला

बेलबाग घोड़ा अस्पताल स्थित संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के दफ्तर के मेन गेट का ताला तोड़कर तीन कम्प्यूटर, सीपीयू ले उड़े। जब कार्यालय का चपरासी पहुंचा तो गेट का ताला टूटा हुआ देखकर आवक रह गया। जिसकी खबर संयुक्त संचालक को दी गई। विभाग प्रमुख ने इसकी शिकायत थाना बेलबाग में की है। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

### थाने जाने को तैयार नहीं थे कार्यालय का स्टाफ

जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार की सुबह की है। घटना के बारे में संयुक्त संचालक राम मोहन तिवारी व कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारियों को लगी तो वह घबरा गए। इसी बीच थाने जाने से भी कार्यालय का स्टाफ पीछे हट रहा था। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारियों ने थाने पहुंचकर सिर्फ शिकायत दी है। एफआईआर के लिए कोई आवेदन नहीं दिया।

# लाईगंज में टूटे ताले 27 हजार पार

जबलपुर, यशभारत। थाना लार्डगंज के आर्दश कॉलोनी में दरमियानी रात चोरों ने ताला तोड़कर दो घरों से पूजा घर पर रखे करीब 27 हजार रुपए पार कर, रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, सीसीटीव्ही फुटेज में आरोपियों को तलाश रही है। जानकारी अनुसार भूपेन्द्र साहू उम्र 27 वर्ष निवासी नव आर्दश कॉलोनी लार्डगंज ने बताया कि वह रेडिको खैतान लिमिटेड उत्तरप्रदेश की कम्पनी में मरकन टाईजर ब्रांड का प्रचार करने का प्राईवेट काम करता है। दरमियानी रात वह रूम से मार्केट काम पर चला गया था। रूम में बाजू में डॉक्टर मयंक वैध फिजियोथैरेपी की क्लीनिक चलाते हैं। जिनका शाम लगभग 5 बजे उसके मोबाइल पर फ ोन आया कि क्लीनिक अंदर से बंद तो वह रूम में आकर देखा तो उसका रूम अंदर से बंद था, जो किरायेदार सचिन खण्डेलवाल के ब्लाक की तरफ गैलरी के दरवाजा का ताला तोड़कर वह तथा मंयक वैध आर संजय श्रीवास्तव ने अंदर जाकर देखा तो दरवाजा टूटा था, उसके रूम में पूजा के स्थान में रखे 25 हजार रूपये तथा एक जियो कम्पनी का मोबाइल गायब था तथा मयंक वैध के क्लीनिक वाले रूम में भी पूजा वाले स्थान में उनके रखे 1500 रूपये गायब थे।

# हलवाई रामचंद्र की प्रेम कहानी का अंत

# प्रेमिका की फोटो सीने से लगाकर झूला फांसी पर

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली के चेरीताल राजीव नगर में रहने वाले एक 30 साल के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक दमोहनाका निवासी एक युवती से बेइंतहा प्यार करता था, लेकिन युवती ने शादी से इंकार कर दिया। इस बात से दुखी होकर मृतक युवक ने उसकी फोटो सीने में चिपकाकर बीती रात फांसी लगा ली। घटना की जानकारी परिजनों को लगी तो वह हैरान रह गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर, मामले को जांच में लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार चेरीताल राजीव नगर में रहने वाले रामचंद्र साहू उम्र 30 साल और दमोहनाका निवासी 25 वर्षीय युवती कल्पना (परिवर्तित नाम ) का प्रेम संबंध तीन साल से चल रहा था। युवक ने बीते दिन युवती के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन जाति अलग-अलग होने के कारण उसने शादी से इंकार कर दिया। इस बात से दुखी होकर युवक रामचंद्र मानसिक तनाव में आ गया और शुक्रवार की रात अपने कमरे में प्रेमिका की फोटो सीने में चिपकाकर फांसी पर झूल गया। इस बात की जानकारी परिजनों को उस वक्त लगी जब युवक देर सुबह तक नहीं उठा। खिड़की से उसके कमरे में झांककर देखा तो वह फांसी पर लटका हुआ था। मृतक के भाई भागचंद्र ने बताया कि उसका छोटा भाई हंसमुख और मिलनसार था और सबका चहेता था। छोटा भाई का काम हलवाई का था और शादी समारोह व अन्य आयोजन में वह हलवाई का काम करता था। घर के किसी भी सदस्य ने नहीं सोचा था कि वह आत्महत्या कर लेगा।

# लार्डगंज में सब्जीवाले के परिवार पर चाकू से हमला

## तीन बदमाशों ने घर में घुसकर मचाया आतंक

**जबलपुर, यशभारत। लार्डगंज के गढ़ाफाटक में दरमियानी रात तीन बदमाशों ने एक सब्जी वाले के घर में घुसकर उसकी पत्नी और बहन पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गए।**

पूरा मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है। जानकारी अनुसार राकेश केशरवानी उम्र 50 वर्ष निवासी शंकर घी भण्डार गढाफ ाटक ने पुलिस को बताया कि वह सब्जी बेचने का काम करता है। देर रात वह अपने घर पर खाना खा रहा था उसी समय अभी दुबे , लकी नामदेव एवं शरद दुबे तीनों उसके घर के सामने आकर गाली गलौज करते हुये उसके बेटे बिट्टू और साहिल को पूछने लगे तो उसने कहा कि लड़के घर पर नहीं हैं । इसी बात पर तीनों गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्को डंडा एवं चाकू से हमला करने लगे। अभी दुबे ने चाकू से हमला कर उसके कंधे, हाथ में चोटे पहुचा दी। इतना ही नहीं उसकी पत्नी अर्चना केशरवानी एवं बहन शोभा केशरवानी बीच बचाव करने आयी तो अभी दुबे एवं लकी नामदेव ने चाकू से हमला कर पत्नी अर्चना के एवं बहन शोभा की जांघ में वार कर दिया। तीनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )